



# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 37 अंक 79 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 19 दिसम्बर 2025 डाक 20 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में एयर हेडक्वार्टर में भारतीय वायु सेना कमांडर्स कॉन्क्लेव में।



**देश-विदेश**
मानव बम बनने की तैयारी कर रहा था जैश आतंकी यासिर, गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने किया बड़ा खुलासा



**फीचर पेज**
प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है पीनट बटर इन तरीकों से करें नाश्ते में शामिल



## मोदी सरकार पर राहुल गांधी का सरकार पर बड़ा हमला, कहा- 20 साल का मनरेगा एक दिन में ध्वस्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में खत्म कर दिया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को बिना ठीक से जांच पड़ताल किए संसद से पारित करवा दिया। राहुल गांधी ने मनरेगा की जगह लाए गए नए विधेयक विकसित भारत जी राम जी को गांव विरोधी करार दिया और कहा पीएम मोदी के लक्ष्य साफ हैं, ग्रामीण भारत, खासकर पिछड़े वर्ग की ताकत को कमजोर करना, सत्ता का केंद्रीकरण करना और फिर नारों को सुधार के तौर पर बेचना। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा, बीती रात मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में ध्वस्त कर दिया। इसने अधिकार आधारित, मांग आधारित गारंटी को खत्म कर दिया है और इसे एक राशन वाली योजना में बदल दिया है, जिसे दिल्ली से कंट्रोल किया जा सकता है। यह डिजाइन से ही राज्य विरोधी और गांव विरोधी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने यह भी कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण मजदूरों को मोलभाव करने की ताकत दी। उन्होंने कहा, असली विकल्पों के साथ, शोषण और मजबूरी में पलायन कम हुआ, मजदूरी बढ़ी, काम करने की स्थिति में सुधार हुआ, और साथ ही ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण और सुधार हुआ। यह सरकार ठीक उसी ताकत को तोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि काम को सीमित करके और इसे मना करने के और तरीके बनाकर विकसित भारत जी राम जी विधेयक ग्रामीण गरीबों के पास मौजूद एकमात्र हथियार को कमजोर करता है। गांधी ने दावा किया, हमने देखा कि कोविड के दौरान मनरेगा का क्या मतलब था। जब अर्थव्यवस्था बंद हो गई और लोगों की आजीविका खत्म हो गई, तो मनरेगा ने करोड़ों लोगों को भूख और कर्ज में डूबने से बचाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि इसने महिलाओं की सबसे ज़्यादा मदद की। साल दर साल, महिलाओं के काम के दिनों में बढ़ोतरी हुई। नए विधेयक की आलोचना करते हुए राहुल गांधी ने कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि इस कानून को बिना ठीक से जांच-पड़ताल के संसद में जबरदस्ती पास कर दिया गया। बिल को स्टैंडिंग कमेटी में भेजने की विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया गया।

## जमशेदपुर के 4 युवक गिरफ्तार: एके-47 की गोलियों समेत हथियारों का जखीरा बरामद

### मुंगेर के सेफ हाउस से चल रहा था सिंडिकेट



**जमशेदपुर, 19 दिसम्बर [एजेंसी]।** बिहार के नालंदा में पुलिस और एसटीएफ ने एक बड़े संयुक्त ऑपरेशन के दौरान अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह की कमर तोड़ दी है। इस बड़ी कार्रवाई के दौरान जमशेदपुर के चार युवकों को हथियारों के भारी जखीरे और एके-47 के कारतूसों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

लहेरी थाना क्षेत्र में हुई इस छापेमारी के बाद पुलिस ने खुलासा किया है कि यह गिरोह बिहार और झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में लंबे समय से अवैध हथियारों की सप्लाई चेन चला रहा था। पुलिस की गिरफ्त में आए अपराधियों के पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद हुआ है जिसने सुरक्षा एजेंसियों के भी कान खड़े कर दिए हैं। जांच में यह बेहद चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि आरोपियों ने बिहारशरीफ के सोहन कुआं मोहल्ले में एक फ्लैट किराये पर ले रखा था। इस फ्लैट का इस्तेमाल हथियारों की खरीद-बिक्री और डिलीवरी के लिए एक गुप्त ठिकाने यानी सेफ हाउस के रूप में किया जा रहा था। गिरोह का सदस्य सौरभ झा, जो मूल रूप से मुंगेर का रहने वाला है, इस पूरे खेल में अहम कड़ी साबित हुआ है। उसने ही स्थानीय अपराधियों और जमशेदपुर से आने वाले तस्करों के बीच संपर्क सूत्र का काम किया ताकि हथियारों की डिलीवरी को सुरक्षित अंजाम दिया जा सके। पुलिस ने इस छापेमारी के दौरान जो जखीरा बरामद किया है उसमें पांच पिस्टल और छह मैगजीन शामिल हैं। हैरानी की बात यह है कि इन पिस्टलों पर चाइना मेड लिखा हुआ है जिससे इसके अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की भी आशंका जताई जा रही है।

इसके साथ ही पुलिस ने एके-47 राइफल के 153 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं जो किसी बड़ी आपराधिक घटना की योजना की ओर इशारा करते हैं। आरोपियों के पास से नौ मोबाइल फोन, नकद राशि और एक स्कॉर्पियो भी जब्त की गई है जिसका पंजीकरण जमशेदपुर के ही किसी अपराधी के नाम पर होने की बात सामने आई है।

## कर्नाटक में सीएम बदलने की चर्चा फिर हुई तेज सिद्दरमैया के मंत्री ने 30 विधायकों को दी डिनर पार्टी



**नई दिल्ली 19 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के करीबी कांग्रेस विधायकों के एक ग्रुप ने बुधवार रात बेलगावी में डिनर पर मुलाकात की, जिससे कर्नाटक में नेतृत्व और सत्ता बंटवारे को लेकर अटकलों के बीच सत्ताधारी पार्टी में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात शहर के एक होटल में वरिष्ठ मंत्री सतीश जारकीहोली द्वारा आयोजित डिनर में 30 से ज्यादा विधायक शामिल हुए। कुछ प्रतिभागियों ने इस मीटिंग को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान एक रूटीन सोशल मीटिंग बताया, जबकि दूसरों ने माना कि इसमें राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। जारकीहोली को सिद्दरमैया का करीबी माना जाता है। उन्होंने डिनर पार्टी को लेकर कहा, इसमें कुछ भी खास नहीं है।

एक जैसी सोच वाले लोगों को डिनर देना आम बात है। ऐसी मीटिंग्स होती रहती हैं। कल हमारी भी एक मीटिंग हुई थी। उसमें कुछ भी खास नहीं था और ज्यादा राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। उन्होंने आगे कहा कि पहले भी ऐसी ही मीटिंग्स हो चुकी हैं। मौजूद लोगों में सिद्दरमैया के बेटे और एमएलसी यतींद्र सिद्दरमैया और विधायक के एन राजन्ना शामिल थे, जो पूर्व मंत्री हैं और मुख्यमंत्री के करीबी माने जाते हैं। सिद्दरमैया खुद डिनर में शामिल नहीं हुए, सूत्रों ने इसकी वजह खराब सेहत बताई।

## रायपुर में वित्तीय धोखाधड़ी मामले में ईडी की छापेमारी जारी



**रायपुर 19 दिसम्बर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में आज है देश भर में छापे मारी शुरू की है। ईडी की यह कार्रवाई सीबीआई द्वारा उन आरोपों की जांच के बाद की गई है कि निवेशकों को एक रियल एस्टेट निवेश फंड के माध्यम से धोखा दिया गया था, जिसमें कथित तौर पर धन और बैंक ऋणों को विदेशी संस्थाओं में स्थानांतरित कर दिया गया था। ईडी ने 2,434 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में देशभर में 30 से अधिक स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही है। इनमें रायपुर, नासिक, बेंगलुरु के 10 ठिकानों में भी जांच चल रही है। अकेले मुंबई में 20 ठिकाने शामिल हैं। यह जांच उद्योगपति आनंद जयकुमार जैन, जय कॉर्प लिमिटेड के निदेशक, उनकी कंपनी, सहयोगी कंपनियों और एक व्यापारिक साझेदार को लक्षित करती है।

## कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा को राहत दिल्ली हाई कोर्ट ने लोकपाल के आदेश को किया रद

*नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को बड़ी राहत दी है। दरअसल,*



*हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को मंजूर कर लिया और 2024 के कथित कैश-फॉर-क्वेरी मामले में लोकपाल द्वारा दी गई जांच की मंजूरी को रद कर दिया। कोर्ट ने लोकपाल को निर्देश दिया है कि वह इस मामले को एक महीने के अंदर दोबारा जांचकर नया फैसला ले।*

## जेल से 30 मोबाइल जब्त, सर्च टीम के लिए इनाम का ऐलान



**बेंगलुरु 19 दिसम्बर।** कर्नाटक में जेलों के भीतर अवैध गतिविधियों और प्रतिबंधित सामग्रियों पर नकेल कसते हुए प्रशासन लगातार सख्ती दिखा रहा है। इसी कड़ी में डीजीपी (कारागार) आलोक कुमार ने एक बड़ी उपलब्धि की जानकारी साझा की है। डीजीपी (कारागार) आलोक कुमार ने बताया कि बेंगलुरु स्थित परप्पना अग्रहार केंद्रीय कारागार में देर रात चलाए गए ऑपरेशन में रिकॉर्ड 30 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। डीजीपी ने इस सफल तलाशी अभियान के लिए एसपी अंशु कुमार और जेलर शिवकुमार को सराहा और पूरी टीम के लिए 30 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की। डीजीपी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा जेल के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में गुरुवार देर रात चलाए गए ऑपरेशन में 30 मोबाइल फोन जब्त किए गए। एसपी अंशु कुमार और जेलर शिवकुमार ने सर्च टीम का नेतृत्व किया। सर्च टीम को 30 हजार रुपए का इनाम।

एक अन्य पोस्ट में डीजीपी ने लिखा, जेल परिसर के अंदर गैर-कानूनी सामान के खिलाफ हमारा सर्च ऑपरेशन पूरे राज्य में जारी है। पिछले 36 घंटों में कालाबुर्गी में 10 मोबाइल फोन और 4 सिम, मैंगलोर में 6 फोन, बल्लारी में 4 फोन, शिमोगा जेल में 3 फोन और 4 सिम जब्त किए गए हैं। यह अभियान जारी रहेगा।

## सियासत का खूबसूरत पल: प्रियंका ने मांगा समय तो गडकरी ने खोला दरवाजा, खास डिश बनाकर भी खिलाई

**नईदिल्ली 19 दिसम्बर [एजेंसी]।**

संसद में पक्ष-विपक्ष के बीच लगातार तल्खी के बीच सियासत का खूबसूरत पल भी देखने को मिला। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से शिकायती लहजे में कहा कि वह मिलने का समय नहीं दे रहे। इस पर केंद्रीय मंत्री ने तपाक से कहा-कभी भी आइए, दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

एक घंटे बाद प्रियंका ने गडकरी से उनके दफ्तर में मुलाकात की। यह मुलाकात काफी सौहार्दपूर्ण रही। गडकरी ने प्रियंका को चावल से बनी खास डिश भी खिलाई, जो उन्होंने यूट्यूब देखकर खुद बनाई थी। गडकरी ने इस दौरान कहा कि एक बार भाई (राहुल गांधी) का काम किया था, अब बहन का नहीं करूंगा तो सवाल उठेंगे। दरअसल, लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान प्रियंका ने कहा, मैं अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के मुद्दों को लेकर गडकरी से मिलना



चाहती हूं। जून से मिलने का समय मांग रही हूं, कृपया समय दीजिए। गडकरी ने कहा, कभी भी आ जाइए। अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं है।

गडकरी के जवाब पर प्रियंका ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया। प्रियंका ने वायनाड की सड़क और कनेक्टिविटी से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा उठाया। गडकरी ने उन्हें बताया कि उनके कई मामले राज्य से भी जुड़े हैं। तब प्रियंका ने अनुरोध किया, केंद्र अपने हिस्से का काम करे। केरल में हमारी सरकार आई, तो राज्य के हिस्से का मामला भी देख लेंगे। मुलाकात के दौरान गडकरी ने प्रियंका को चावल से बनी डिश भी खिलाई।

## ठाणे में रिसेप्शन के दौरान बैंक्वेट हॉल में लगी आग, एक हजार से अधिक मेहमान बचाए गए



**ठाणे 19 दिसम्बर।** महाराष्ट्र के ठाण में गुरुवार रात घोड़बंदर रोड इलाके में स्थित ब्लू रूफ क्लब में आतिशबाजी के कारण भीषण आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ठाणे नगर निगम के आपदा विभाग अधिकारी यस्तीन ताडवी ने बताया कि हम आग लगने का कारण स्पष्ट रूप से नहीं बता सकते, लेकिन आग भीषण थी। आपदा प्रबंधन टीम को सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक भोज कक्ष में आग लगने के बाद 1,000 से अधिक शादी के मेहमान बाल-बाल बच गए। उन्होंने बताया कि यह घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे शहर के घोड़बंदर रोड स्थित ओवाला इलाके में एक मैरिज हॉल परिसर में हुई। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन ताडवी के अनुसार, द ब्लू रूफ क्लब के लॉन में एक केबिन के बाहर रखे मंडप की सजावट के सामान में आग लग गई। उस समय वहां एक शादी का रिसेप्शन चल रहा था।

## ग्रीनफील्ड हाइवे पर कोहरे की आड़ में वारदात, ट्रक से डीजल चुरा रहे बदमाशों ने चालक को मारी गोली

**कन्नौज, 19 दिसम्बर [एजेंसी]।**



झारखंड से कोयला लादकर बिहार लेकर जा रहे चालक ने कोहरा अधिक होने के कारण ग्रीनफील्ड हाईवे पर ट्रक रोक लिया, तभी अल्टो कार से आए तीन चोरों ने राफी से आयल टंकी का लाक तोड दिया और डीजल चोरी करने लगे। जब ट्रक चालक ने झपटकर चोर को पकड़ना चाहा तो उसने चालक को गोली मार दी।

गोली चालक के सीने के निचले हिस्से को छूकर निकल गई। वारदात को अंजाम देने के बाद अल्टो कार सवार तीन युवक छिबरामऊ की तरफ भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को 100 शैया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

## अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डूबकी, हर-हर गंगे के जयकारों से तट रहा गुंजायमान

**ब्रजघाट।** तीर्थ नगरी ब्रजघाट एवं पुष्पावती पूठ में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डूबकी लगाई। इस दौरान गंगा तट हर- हर गंगे के जयकारों से गुंजायमान हो गया। तीर्थ नगरी ब्रजघाट, पुष्पावती पूठ में अनेक श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित किया। अनेक श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद श्रीसत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण किया तो वहीं मंदिरों में चल रहे भजन



कीर्तन में भाग लिया। इस दौरान अनेक भक्तों ने मंदिरों में जाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा गरीब एवं असहाय लोगों को अन्न, वस्त्र, धन आदि का दान देकर पुण्य अर्जित किया। वहीं पुलिस भी हाईवे पर जाम न लगे, इसको लेकर सतर्क रहीं। इस दौरान गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार निगरानी करते हुए लोगों को सचेत करते रहे। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर ओवर ब्रिज निर्माण के चलते रात से ही जाम जैसे हालात दिखाई दिए।

यहां ओवर ब्रिज निर्माण के कारण वाहनों को हाईवे की सर्विस रोड से निकाला जा रहा है। रास्ता संकरा होने के कारण यहां 24 घंटे जाम जैसे हालात बने रहते हैं। हालांकि सर्दी एवं कोहरे का मौसम होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में गिरावट दिखाई दी।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

HOSPITAL
दिसंबर 2025
सुपरस्पेशलिस्ट विजिटिंग डॉक्टर सूची
21 दिसंबर 2025 (रविवार) डॉ. जयेश शर्मा (कैंसर सर्जन)
25 दिसंबर 2025 (गुरुवार) डॉ. राजेश गौतम (किडनी रोग विशेषज्ञ)
28 दिसंबर 2025 (रविवार) डॉ. अनिल कुमार चौहान (शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ)
30 दिसंबर 2025 (मंगलवार) डॉ. सतीष सूर्यवंशी (हृदय रोग विशेषज्ञ)
कोसाबाड़ी, कोरबा 8602-59-91-22

## जंगल में नक्सली कमांडर देवा की तलाश जारी, डीआरजी जवान लगातार कर रहे सर्चिंग



**सुकमा।** जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। नक्सलियों के PLGA बटालियन नंबर 1 के कमांडर देवा की तलाश में निकले DRG जवानों की किस्टाराम एरिया कमेटी से मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों ने 2 ACM कैडर समेत 3 नक्सलियों का एनकाउंटर कर दिया। एक महिला समेत तीनों नक्सलियों के शव और हथियार लेकर जवान लौटे हैं। ये सभी नक्सली 12 लाख रुपए के इनामी थे। मुठभेड़ गोलापल्ली थाना क्षेत्र के गोंदीगुड़ा के जंगल-पहाड़ी इलाके में हुई है। स्क किरण चव्हाण ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर DRG (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) की टीम ने गोंदीगुड़ा के जंगल क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। 18 दिसंबर 2025 की सुबह सर्चिंग के दौरान DRG और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हुई। मुठभेड़ के बाद जब सुरक्षाबलों ने इलाके की तलाशी ली तो एक महिला और दो पुरुष माओवादियों के शव बरामद किए गए। मौके से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक सामग्री और नक्सल सामान भी जब्त किया गया। बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बस्तर रेंज में इस साल कुल 255 नक्सली मारे जा चुके हैं। तीनों माओवादी कोंटा-किस्टाराम एरिया में एक्टिव थे और कई गंभीर नक्सली घटनाओं में शामिल रहे थे।

## मणिपुर में 2.9 तीव्रता का भूकंप

**मणिपुर।** उखरुल जिले में शुक्रवार देर रात 2.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक भूकंप 19 दिसंबर 2025 को रात 2.58 बजे आया। इसकी गहराई करीब 35 किलोमीटर थी। भूकंप का केंद्र 25.19 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 94.22 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित उखरुल क्षेत्र में रहा। हल्की तीव्रता के कारण किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन लोगों ने झटके महसूस होने की बात कही है।

## सरस्वती शिशु मंदिर दर्री में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत निकली जागरूकता रैली

**कोरबा** । कोरबा जिलान्तर्गत दर्री क्षेत्र स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान (एनआईडी) 2025 के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक व्यापक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह अभियान 21 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है, जिसके अंतर्गत 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो की 'दो बूंद ज़िंदगी की' पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विद्यालय में आयोजित इस जागरूकता रैली की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती सुषमा बारस्कर ने की। रैली में सभी आचार्यगण के साथ कक्षा षष्ठम से दशम तक के भैया-बहनों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। रैली विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों से होकर निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने 'हर बच्चा-हर टीका-हर जगह, 'पोलियो को हराना है, देश को स्वस्थ बनाना है' जैसे प्रभावी नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती सुषमा बारस्कर ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल है, जिसका उद्देश्य पोलियो वायरस के सामुदायिक प्रसार को रोकना और देश को पूर्णत: पोलियो मुक्त बनाए रखना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करी हैं कि वे अपने 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाएं, चाहे बच्चा पहले से ही स्वस्थ क्यों न हो। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 21 दिसंबर 2025 को पोलियो बूथों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे और हर बच्चे का भविष्य सुरक्षित किया जा सके। विद्यालय परिवार द्वारा निकाली गई इस जागरूकता रैली ने समाज में स्वास्थ्य के प्रति चेतना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

## कुदमुरा आत्मानंद विद्यालय में 79 छात्राओं को जनप्रतिनिधियों ने वितरित की साइकिलें

**कोरबा** । कोरबा विकासखंड अंतर्गत शासकीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, कुदमुरा में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु भव्य साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 79 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलें वितरित की गईं, जिससे उनकी नियमित विद्यालय उपस्थिति और शिक्षा के प्रति उत्साह को नई गति मिलेगी।कार्यक्रम जनपद पंचायत कोरबा अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिमन्यु राठिया के आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राठिया समाज प्रमुख एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्गा प्रसाद राठिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष नीरज मिश्रा ने की।
इस अवसर पर अपने संबोधन में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना राज्य सरकार की दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ना और ड्रॉपआउट की समस्या को कम करना है। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी और आत्मनिर्भरता का भाव भी विकसित होगा।इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा पूर्व महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी रामपुर विधानसभा हेमलाल झारिया, सरपंच श्रीमती रचना महेश राठिया, सुंदर राठिया सहित विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के चेहरे पर खुशी और उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। अंत में अतिथियों द्वारा सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम और शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## स्थानों पर 5-5 मिनट होगा प्रवचन, 7 किमी निकलेगी रैली

**कोरबा**। क्रिसमस के उपलक्ष्य में मसीही समाज की सबसे बड़ी रैली 19 दिसंबर को शहर में निकलेगी। इस रैली में जिलेभर से मसीही समुदाय के लोग शामिल होंगे। अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाले मसीही जनों की यह संयुक्त रैली होगी। 7 किलोमीटर तक निकलने वाली इस रैली का विशेष आकर्षण यह होगा कि रास्ते में 8 स्थानों पर 5-5 मिनट का प्रवचन यीशु मसीह के संदेश के रूप में दिया जाएगा। युवाओं की टोली नृत्य करते हुए उत्साह प्रदर्शित करते हुए चलेगी।क्रिसमस रैली का शुभारंभ मेनोनाइट चर्च कोरबा मिशन कंपाउंड से दोपहर 2 बजे होगा। जिसका संचालन रेव्ह सीमा गोस्वामी एवं रेव्ह राजकुमार दान करेंगे। यहां चर्च के फादर अजय कुजूर मसीही जनों को संदेश देकर रैली को आगे के लिए रवाना करेंगे। यहां से निकलकर रैली दीनदयाल मार्केट पहुंचेगी जहां बिशप रेव्ह शद्रक कुमार प्रवचन देंगे। रैली के आगे बढ़ने के साथ ही सुनालिया ज्वेलर्स चौक पर रेव्ह बीपी डेनियल रैली में शामिल समूह को संदेश देंगे। यहां से रैली पावर हाउस रोड होते हुए पाम मॉल पहुंचेगी।जहां रेव्ह हरीश मसीह प्रवचन देंगे। उसके बाद टीपीनगर चौक पर रेव्ह रवि बक्श, आईसीआईसीआई बैंक के पास रेव्ह राकेश जॉनसन, सीएसईबी चौक पर रेव्ह ज्योतिष पाइक तो महाराणा प्रताप चौक बुधवारी में रेव्ह धीरेन्द्र कुमार प्रभु यीशु मसीह के संदेशों का वाचन अपने प्रवचन में सुनाएंगे। क्रिसमस रैली यहां घंटाघर होते हुए सुभाष चौक पहुंचेगी जहां रेव्ह डेनियल छत्रिया के प्रवचन के बाद रेली वापस ओपन थियेटर घंटाघर पहुंचेगी। कोरबा चर्चेस वेलफेयर एसोसिएशन समिति के सदस्य रवि पी सिंह ने बताया कि क्रिसमस के उपलक्ष्य में निकलने वाली रैली का नेतृत्व केसीडब्ल्यूएएस करेगा।जिसकी अगुवाई समिति की अध्यक्ष सीमा गोस्वामी, उपाध्यक्ष विक्टर मेनन, सचिव राजकुमार दान, कोषाध्यक्ष डेनियल छतरिया, सहसचिव पीटर येसु, सदस्य रूप अजय, राजेन्द्र प्रधान व अशोक रात्रे करेंगे। रैली में दो हजार के करीब मसीही समुदाय के लोगों के शामिल होने की बात आयोजकों ने कही है।क्रिसमस गेदरिंग, प्रवचन धन्यवाद ज्ञापन घंटाघर में नगर के प्रमुख मार्ग से घंटाघर पहुंचने वाली क्रिसमस रैली के समापन समरोह में आरसी चर्च ग्रुप एवं आरएमएसबी ग्रुप कोसाबाड़ी की भाई ग्रेडीन गेलर एवं टीम द्वारा स्वागत की प्रस्तुति दी जाएगी। केसीडब्ल्यूएएस क्वायर के अमर मसीह, आकाश भेलवा, गौतम सिंह, एसपी राठौर, अमन दास क्रिसम कैरोल सांग प्रस्तुत करेंगे। रेव्ह सीमा गोस्वामी व राजकुमार दान के प्रवचन के बाद धन्यवाद ज्ञापन विक्टर मेनन, अंतिम प्रार्थना जगजीवन टंडन एवं रवि बक्श के आशीष बचन के साथ समापन होगा।

## भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी पुन: दी गयी रविन्द्र को

**कोरबा** । राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा में सक्रिय युवा नेता रविन्द्र (रवि) साहू को एक बार फिर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा की गई है।

# दर्री रोड़ में अराजक तत्वों की लगातार हरकतों से सुरक्षा पर उठे सवाल

### व्यापारी संघने जताया आक्रोश



**कोरबा** । दर्री रोड के व्यापारियों की शिकायत है कि उनके क्षेत्र लगातार गुंडे बदमाशों के चंगुल में आ रहा है और पुलिस कुछ नहीं कर रही है। एक के बाद एक हो रही अपराधीक घटनाओं से व्यापारी चिंतित है । उन्होंने इस बारे में बैठक की और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

इसी इलाके में एक व्यापारी की चार पहिया गाड़ी को बदमाशों के द्वारा जला दिया गया। अपराधी तत्वों ने गाली गलौज और मारपीट के बाद इस घटना को अंजाम दिया। मामले की रिपोर्ट होने और आसपास में लगे सीसीटीवी के फुटेज की प्रदान करने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लेकिन क्षेत्र के कारोबारी इन हरकतों से परेशान है। उन्होंने पिछली रात बैठक की और मामले को लेकर मंथन किया। व्यापारी संघ के अध्यक्ष गजानंद अग्रवाल ने पिछली कई घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि हम लोगों को लगातार नुकसान हो रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि आप आपराधिक तत्व हफ्ता और महीना वसूली करने पर आमादा है। कोरबा जैसे शांत और अपेक्षाकृत छोटे नगर में गुंडागर्दी का बढ़ना अपने आप में चिंता का विषय तो है ही। जरूरत इस बात की है कि पुलिस अपने ख़ौफ़ को बरकरार रखें ताकि आपराधिक तत्व कोरबा छोड़कर भागने की मानसिकता बनाएं।

# यीशु मसीह के आने का सुनाया संदेश

### विभिन्न घरों पर पहुंचे गडरिया रात को

**कोरबा** । नगर और जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 25 दिसंबर को मसीह समुदाय क्रिसमस त्योहार मनाएगा। पिछली रात कई स्थान पर गडरिया के समूह ने मसीही घरों में पहुंचकर केरोल गीत गए। लोगों को यीशु मसीह के आने का संदेश सुनाया गया। चर्च ऑफ क्राइस्ट निहारिका की ओर से इस तरह का कार्यक्रम क्रिसमस के उपलक्ष में किया गया। कैरोल सिंगिंग में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। उन्होंने मसीहियों के यहां पहुंचकर उत्साह दिखाया। पास्टर राजकुमार और राजेश राय ने बताया कि यीशु मसीह के आने का संदेश गडरियों की टीम की ओर से दिया गया है। क्रिसमस से पहले तक इस तरह के कार्यक्रम सभी क्षेत्रों में करने की योजना मसीही समुदाय की ओर से बनाई गई है।

### पल्स पोलियो अभियान 21 को, बूथ पर देंगे खुराक

**कोरबा**। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 21 दिसंबर को शुन्य से 5 वर्ष के बच्चों को पुलियों की खुराक पिलाई जाएगी। इस संबंध में बैठक आयोजित कर अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। पहले दिन बूथ में ही पुलियों की खुराक दी जाएगी । इसके बाद 22 और 23 दिसंबर को घरों में पहुंचकर पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी। . श्रीमद् भागवत कथा कहां : श्रमवीर स्टेडियम दीपका में समय : दोपहर 04:00 का आयोजन किया गया।

## वार्ड 23 में गूंजा आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत का संदेश

### घर-घर जनसंपर्क कर नागरिकों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए किया गया जागरूक

**कोरबा** । आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 23 बुधवारी क्षेत्र में 'हर घर स्वदेशी-घर-घर स्वदेशी सामान अपनाओ' अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर नागरिकों से सीधा संवाद किया और उन्हें अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया।

जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, स्थानीय कारीगरों और लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलता है तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को सरल शब्दों में समझाते हुए स्वदेशी उत्पादों के सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। इस जनसंपर्क अभियान में जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, कार्यक्रम के संयोजक पुनी राम साहू एवं सह-संयोजक मीरा सोनी आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पार्षद पंकज देवांगन, संजू शर्मा, रजनीश मिश्रा, दीनू महाराज, राजवाड़े, ओम प्रकाश जायसवाल, बुधराम साहू, कपिल पांडे, श्याम साहू, मीना ठाकुर, सुकून साहू, कमला नेपाली, बबली साहू, रानू साहू, कोसी पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल हुए।

# ग्राम पोंड़ी-उपरोड़ा में भाजपा का स्वदेशी संकल्प अभियान बना जन आंदोलन

**कोरबा** । भारतीय जनता पार्टी मंडल पोंड़ी-उपरोड़ा द्वारा स्वदेशी संकल्प अभियान के अंतर्गत घर-घर संपर्क एवं भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया, जो जनभागीदारी और उत्साह के साथ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पदयात्रा करते हुए आम नागरिकों, व्यापारियों और दुकानदारों से सीधा संवाद स्थापित किया तथा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया।

इस जनजागरण अभियान में जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों, महिला मोर्चा, बूथ अध्यक्षों, सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला मंत्री कमला बरेठ रहीं। वहीं महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री किरण मरकाम, जिला मंत्री कमला किंडो विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल पोंड़ी-उपरोड़ा अध्यक्ष चतुरभुवन नायक ने किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष शिवशंकर उइके, महामंत्री शोभा राजपूत, मंत्री अनीता कंवर, महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष जया ताम्रकार, आदिवासी सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष अजय कंवर, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हाईस्कूल तानाखार अध्यक्ष नारायण प्रसाद यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वालों में ललिता सोनवानी, माखन बरेठ, लक्ष्मण कंवर, भुवनेश्वर राजवाड़े (बूथ अध्यक्ष नवापारा-159), लता शुक्ला (बूथ अध्यक्ष ऐतमानगर-152), मनोज सोनवानी (बूथ अध्यक्ष लेपरा-133), मनोज भौमिक (बूथ अध्यक्ष माचाडोली-157), लक्ष्मण कंवर (बूथ अध्यक्ष कोरडी-179), संतोष पटेल (बूथ अध्यक्ष लालपुर-156), संध्या पाठक (बूथ अध्यक्ष पोंड़ी उपरोड़ा-128), तारा गाढ़े (क्र-2 माचाडोली-157) सहित अन्य ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता शामिल रहे। अभियान के दौरान वक्ताओं ने स्वदेशी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से स्थानीय कारीगरों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को बल मिलता है, जिससे आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना साकार होती है और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। नागरिकों से दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लेने का आग्रह किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने 'स्वदेशी अपनाओ-देश बनाओ' का सामूहिक संकल्प लेते हुए इस अभियान को गांव-गांव, घर-घर तक पहुँचाने का प्रण लिया।

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया और राहुल को कोर्ट से राहत मिलने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**कोरबा** । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के द्वारा आज टी पी नगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय का घेराव किया गया । घेराव कार्यक्रम के पहले बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता टी पी नगर काफी हाउस के पास एकत्रित हुए वहां से कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए पैदल भाजपा कार्यालय के पास पहुंचे । जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में ई डी द्वारा एफ आई आर को शीर्ष अदालत द्वारा रद्द किया जाना सत्य की जीत है और इसे मोदी शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के षडयंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है । ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा देश भर के सभी जिला मुख्यालयों में भाजपा कार्यालय का घेराव किये जाने का निर्णय लिया है । इसी तारतम्य में आज कोरबा जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया ।
इस कार्यक्रम में पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, प्रदेश सचिव विकास सिंह, रेखा त्रिपाठी, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष गजानंद साहू, विधायक प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान, पार्षद सुकसागर निर्मलकर, बद्री किरण, अध्योध्या मस्तुल कंवर, अविनाश बंजारे, डॉ.गोपाल कुर्रे, सुभाष राठौर, गीता गभेल, पूर्व रामगोपाल यादव, पालुराम साहू, रोपा तिर्की, प्रदीप जायसवाल, वीरसाय धनुहार, मनीष शर्मा, जवाहर निर्मलकर, बुद्धेश्वर चौहान, गिरधरी बरेठ, गणेश दास महंत, रामकुमार राठौर, प्रेमलाल साहू, रमेश वर्मा, कुंजबिहारी साहू, कन्हैया राठौर, गीता महंत, सीमा उपाध्याय, शशि उपाध्याय, अगन बाई, सजीदा बेगम, लक्ष्मी महंत, सुरेश राठौर, जीवन चौहान, शांति साहू, विजय जायसवाल, अवधेश लाठिया, अनिल कुजुर, मनहरण राठौर, पियुष पाण्डेय, अमित सिंह, गोकुल देवांगन, रम्हन दास, राजेश श्रीवास, आकाश प्रजापति, मधुसुधन दास, सत्यप्रकाश, भीमलाल, फिरोज अनंत, यशपाल कंवर, राकेश अग्रवाल, निर्मल साहू, रामकुमार चंद्रा, गौतम वैष्णव, शशि राज, रज्जाक, अमित पन्ना, बंटी दास, धमेली, गजेन्द्र, जयकुमार, राकेश चौहान, पवन विश्वकर्मा, सुनील निर्मलकर, विवेक श्रीवास, शकील अंसारी, सुनील बर्मन, नारायण यादव, सोनु ठाकुर, पप्पु कुमार, आकाश प्रजापति, शशि राज, राजू बर्मन, नितिन पटेल, सूरज चौहान, दिनेश जायसवाल, मिनकेतन गबेल, घनश्याम चौहान, हरिशचंद्र भारती, युवराज महंत, राहुल मानिकपुरी, सायल साहू, अभिषेक तंबोली, पीयुष श्रीवास, राजेश श्रीवास, आरिफ मेमन, शकील अहमद, शुभम साहू, आकाश पटेल, अर्जुन सिंह, अश्वनी पटेल, मुन्ना लाल, सरफुद्दीन आलम, सफीक कुरैशी, लोकेश राठौर, नीलेश दीवान, सहबाज खान, मोंटु राजपूत, विकास यादव, राहुल वर्मा, भागीरथी यादव, राजू देवांगन, राम खिलावन, अभिषेक यादव, विक्की महंत, रोहन सिंह, आकाश महंत, प्रशांत भारिया, गोपाल साहू, मंगेश भारिया, रोशन जायसवाल, मनोज कश्यप, गोपी राजपूत, मुन्ना लाल यादव, राजू यादव, शाहिल खान, राजा सिंह क्षत्रिय, टप्पू कैवर्त, रविश यादव, अभिषेक सिंह,



## कलेक्टर अजीत वसंत को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने दी भावभीनी विदाई

**कोरबा** । कोरबा जिले की प्रशासनिक यात्रा में 18वें कलेक्टर के रूप में अजीत वसंत का कार्यकाल संवेदनशीलता, दृढ़ निर्णय और विकास के स्पष्ट दृष्टिकोण से भरा एक उल्लेखनीय अध्याय बन गया है। 4 जनवरी 2024 को जिला कार्यालय में पदभार ग्रहण करते समय उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया था कि उनका कार्यकाल केवल प्रशासनिक दायित्वों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगा। लगभग दो वर्षों के कार्यकाल में उनका यह संकल्प शब्दों से निकलकर धरातल पर साकार होता दिखाई दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिशा-निर्देशन एवं कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में डीएमएफ फंड के सुव्यवस्थित और दूरदर्शी उपयोग से जिले के विकास के लिए ठोस आधार तैयार किया गया। बीते कुछ वर्षों से डीएमएफ को लेकर बनी विभिन्न धारणाओं की परवाह किए बिना श्री वसंत ने इसके सदुपयोग की स्पष्ट रणनीति बनाते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों को प्राथमिकता दी। आने वाले कुछ महीनों में इन प्रयासों से कोरबा जिले में विकास की नई तस्वीर दिखाई देने की अपेक्षा है। शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकविहीन विद्यालयों में डीएमएफ से शिक्षकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की व्यवस्था, कमजोर विद्यार्थियों के लिए रेमेडियल कक्षाओं की शुरुआत तथा दसवीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए रायपुर में नीट और जेईई जैसी आवासीय कोचिंग की सुविधा, बारहवीं में अच्छे अंक हासिल कर बड़े संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता के साथ उनके करियर निर्माण में मदद उपलब्ध कराई गई। ये पहलें इस बात का प्रमाण हैं कि श्री वसंत ने वर्तमान के साथ-साथ जिले के भविष्य पर भी गंभीरता से कार्य किया।

उन्होंने जिले की पहचान पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समाज के शिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने, स्वास्थ्य विभाग में नियुक्तियां सुनिश्चित करने तथा दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए आवासीय सुविधाओं की स्वीकृति प्रदान करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इससे इन क्षेत्रों में सेवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ स्थायित्व भी सुनिश्चित हुआ।

### पुष्पलता उद्यान में अनोखे अंदाज में कीर्तन मंडली सदस्य का मनाया गया जन्मदिवस

**कोरबा** । कोरबा अंचल के पुष्पलता उद्यान में वर्षों से सक्रिय महिला मंडल कीर्तन मंडली द्वारा एक अनोखा और भक्तिमय जन्मदिवस समारोह आयोजित किया गया। कीर्तन मंडली के सक्रिय सदस्य हरि नारायण स्वर्णकार का जन्मदिवस पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर कीर्तन मंडली द्वारा उद्यान में निर्मित चबूतरे को आकर्षक ढंग से सजाया गया। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में फूल, गुब्बारे से सजाया गया था। इसके पश्चात विधिवत कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें महिला मंडल की सदस्यों ने भक्ति गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कीर्तन उपरांत केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया। समारोह के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने हरि नारायण स्वर्णकार को शुभकामनाएं दीं तथा उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। यह आयोजन सादगी, भक्ति और सामूहिक सौहार्द का सुंदर उदाहरण बना, जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## गुरु घासीदास के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प

**गेवरा-दीपका**। सतनामी समाज गेवरा दीपका द्वारा सतनाम भवन गेवरा में बाबा गुरु घासीदास बाबा की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें समाज के प्रमुख नागरिकों के साथ नारी शक्ति उपस्थित रही।
इस अवसर पर उपस्थितजनों ने बाबा गुरु घासीदास के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा के बताए सत्य, अहिंसा और समानता के मार्ग पर चलकर ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। सभी ने समाज को मुख्यधारा से जोड़ने, आपसी एकता बनाए रखने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## जेसीरेट द्वारा 'शिक्षा से सशक्तिकरण' पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन




**कोरबा**। जेसीआई कोरबा सेंट्रल के अंतर्गत जेसीरेट महिला विंग द्वारा आज 18 दिसम्बर को कोरबा मिशन रोड स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास में 'जेसीआई शी-केयर - शिक्षा से सशक्तिकरण' नाम से एक प्रेरणादायक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के महत्व एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देना था, जिसमे लगभग 150 छात्राओं ने इसका लाभ लियाइस कार्यक्रम के प्रशिक्षक रहे जेसीआई के जोन ट्रेनर जेसी प्रवीण जाखड़ी एवं जेसीरेट शीतल बजाज; जिन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को प्रभावशाली प्रशिक्षण दिया जिससे उनको शिक्षा के महत्व को समझने में काफी मदद मिली। इस कार्यक्रम की कार्यक्रम निदेशक जेसीरेट सोनम अग्रवाल रहीं। वहीँ कन्हैय्या एजेंसीज, खुराना स्कूल जोन, शांति भाई नमकीन वाला व शुगर क्राउन कार्यक्रम के महान प्रायोजक रहें7 प्रशिक्षण उपरान्त छात्राओं को रूमाल, बॉडी लोशन और केक-स्वल्पाहार वितरित किया गया।
इस दौरान पूर्व अध्यक्ष जेसी सन्नी मित्तल, सीए अभिषेक अग्रवाल, जेरिसेट पूर्णिमा सोनी, पद्मिनी साहू, मुक्ता अग्रवाल, पायल अग्रवाल, जेसिआई अध्यक्ष सीए त्रिलोकी बजाज, जेरिसेट अध्यक्षा अंशु अग्रवाल, सचिव रजनी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकिता केडिया, समृद्धि गुप्ता, डॉ ज्योतिबाला, जेसी हर्ष गुप्ता, विवेक अग्रवाल, अभय अग्रवाल सहित अन्य जेसी सदस्य उपस्थित रहे7 जेसीआई संस्था प्रशिक्षण व नेतृत्व में अवसर प्रदान करने वाली एक अग्रणी संस्था है।

# अग्रसेन पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**कोरबा** । अग्रसेन पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शन व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने आधुनिकता की सोच लिए एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा को साबित किए। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीएस बालको के प्राचार्य कैलाश पवार थे। विशिष्ट अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल थे। अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव टी.एन. बजाज ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। समिति के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों को आगे बढ़ने का प्रयास है। विज्ञान प्रदर्शन अपनी सोच को आगे लाने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय का नाम ऊंचा कर रहे हैं। विज्ञान प्रदर्शनी में भी अपना नाम करना है। विज्ञान के संबंध में आप सब मार्गदर्शन में सीख रहे हैं। मुख्य अतिथि पवार ने कहा कि शिक्षा के लिए यह वातावरण उपयोगी है। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। विज्ञान ने देश समाज और आप सब को आगे बढ़ाया है। उन्होंने समिति के पदाधिकारीयों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अतिथि ने छात्रों से उनके बनाए मॉडल से जुड़े सवाल भी पूछे। अंत में स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर शिक्षण समिति की सदस्य अनिता सिंघल, टी.एन. बजाज, अनिल अग्रवाल के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## नारी शक्ति खेल महोत्सव में दीपका की महिलाओं ने दी सक्रिय भागीदारी

**गेवरा दीपका**। दीक्षा महिला समिति और एसईसीएल के सहयोग से दीपका क्षेत्र में महिला कर्मचारियों के लिए नारी शक्ति खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। श्रद्धा महिला मण्डल के तत्वाधान में आयोजित खेल महोत्सव में मुख्य अतिथि संजय कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, रंभा मिश्रा, अध्यक्ष दीक्षा महिला समिति, नरेश प्रसाद, महाप्रबंधक (खनन) एवं रानी प्रसाद सचिव, दीक्षा महिला समिति एवं समिति के अन्य सम्मानित सदस्य शामिल हुए। शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ, जिसके पश्चात सीआईएल का कॉर्पोरेट गीत का गायन किया गया।रम्भा मिश्रा ने सभी महिला कर्मचारियों को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। गेवरा स्टेडियम में आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें 50 मीटर दौड़, पिक एंड रन, वन-लेग रेस, मटका बैलेंस रेस, जलेबी रेस, फ्लाइंग डिस्क और रिले रेस शामिल थीं।

## प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बने जितेन्द्र देवांगन

**जांजगीर चांपा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें जांजगीर के जितेन्द्र देवांगन को प्रदेश महामंत्री नियुक्त करते हुए संगठन में जिम्मेदारी सौंपी गई है। - देवांगन का राजनीतिक सफर छात्र - जीवन से ही सक्रिय रहा है। वे ठाकुर - छेदीलाल शासकीय महाविद्यालय में - छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके - पश्चात उन्होंने जांजगीर-नैला नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 11 से पार्षद के रूप में जनसेवा की। संगठनात्मक - अनुभव के तहत उन्होंने क्रमशः भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री, प्रदेश मंत्री भाजयुमो छत्तीसगढ़, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो - छत्तीसगढ़ जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है उनकी सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा, परिश्रम एवं नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखते हुए संगठन ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से भाजपा और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हर्ष जताया है।

### बीईओ ने किया हाईस्कूल व प्रायमरी स्कूल का निरीक्षण

**चांपा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बुधवार को शासकीय हाईस्कूल कपिसदा एवं शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भाठापारा सेमरिया का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत जानकारी ली । हाईस्कूल के छात्रों से उन्होंने परीक्षा सम्बन्धी जानकारी लेकर उनसे प्रश्न पूछें । आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर निर्देश दिए । परीक्षा परिणाम को लेकर शिक्षकों को निर्देश देते हुए अध्यापन कराने को कहा।

## छात्रा किरण निर्मलकर का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

**अकलतरा।** एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा की कक्षा 11वीं की छात्रा किरण निर्मलकर पिता मुकुंद शरण निर्मलकर भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर डायलाग कार्यक्रम के अंतर्गत बिल्डिंग ए सस्टेंनैबले एंड ग्रीन विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर युवा उत्सव के लिए चयनिय हुई है। यह कार्यक्रम 10 से 12 जनवरी 2025 तक भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित है। छात्रा का चयन पी.पी.टी. विजन डेक प्रस्तुतीकरण एवं लीडरशिप असेसमेंट के माध्यम से किया गया, जिसमें प्रदेश भर से 15 से 29 वर्ष के जोन स्तर पर चयनित युवाओं ने हिस्सा लिया। छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हो कर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से न सिर्फ विद्यालय तथा अकलतरा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शाला के वरिष्ठ शिक्षक आर के पाण्डेय एवं श्रीमती वर्षा यादव के मार्गदर्शन में किरण ने यह उपलब्धि प्राप्त की है। छात्रा की सफलता पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ खनिज एवं विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि यह हमारी शाला के लिए अत्यंत गौरव का विषय है ।

# जैजैपुर जनपद पंचायत में 20 सालों से एक ही कुर्सी पर जमा है बाबू

### विधायक ने कलेक्टर-सीईओ से की शिकायत

**जैजैपुर।** जनपद पंचायत जैजैपुर में लगभग 20 वर्षों से पदस्थ सहायक ग्रेड 2 दादू दयाल बंजारे की कार्यप्रणाली को लेकर जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी है। क्षेत्र के सरपंचों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने जनपद कार्यालय में पदस्थ बाबू के कार्य को लेकर असंतोष जताते हुए इसे पंचायत कार्यों के लिए बाधक बताया है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि जनपद पंचायत से जुड़े आवश्यक कार्यों में अनावश्यक देरी की जाती है। फाइलों को लंबे समय तक लंबित रखा जाता है और संपर्क करने पर फोन कॉल तक का जवाब नहीं दिया जाता। इससे पंचायतों से जुड़े विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और प्रशासनिक व्यवस्था पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि बाबू की कार्यप्रणाली को लेकर पूर्व में भी आपत्तियां दर्ज कराई गईं, लेकिन लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ रहने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इस स्थिति से जनप्रतिनिधियों में यह चर्चा तेज है कि संबंधित कर्मचारी को कथित संरक्षण प्राप्त है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए विधायक बालेश्वर साहू ने जिला कलेक्टर सक्ती को पत्र लिखकर सहायक ग्रेड-02 के स्थानांतरण की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सक्ती को भी भेजी गई है। अब जनप्रतिनिधि-की नजर जिला प्रशासन प्र टिकी कि शिकायतों पर समय रहते कार्रवा होती है या यह मामला फाइलों में दबकर रह जाएगा।

एक ही जगह में टिके रहने से हौसले बुलंद

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि दादू दयाल बंजारे जनपद पंचायत जैजैपुर में लंबे समय से पदस्थ होने के कारण सांठगांठ की लगातार शिकायतें आ रही है। यहां तक शिकायतें हैं कि बिढ़ा चढ़ावा टेबल से फाइल नहीं हिलती।जैजैपुर क्षेत्र के सरपंच के द्वारा लगातार दादू दयाल बंजारे शिकायत प्राप्त हो रही था। जिसके बाद मैंने संज्ञान लेकर जिला पंचायत सक्ति एवं जिला कलेक्टर ऑफिस में लिखित शिकायत की है। अगर कार्रवाई नहीं होती है तब विधानसभा में भी इस बात को रखेंगे।

बालेश्वर साहू, विधायक, जैजैपुर

## सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**जांजगीर-चांपा।** पांच दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव का आयोजन 23 से 27 दिसंबर तक . किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित महामहोत्सव में विशिष्ट आतिथ्य के लिए जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, व्यास कश्यप जांजगीर चांपा, श्रीमती शेषराज हरबंश विधायक, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, श्रीमती रेखा गढ़वाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जांजगीर, छबि लाल सूर्यवंशी, नगर पंचायत अध्यक्ष सारागांव सहित विभिन्न पदाधिकारी को आमंत्रित किया जा रहा है। जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत बिलासपुर के सभापति श्रीमती अरुणा चंद्रप्रकाश सूर्या, सूर्यवंशी समाज बिलासपुर के अध्यक्ष नंदकिशोर डहरिया, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सूर्या के साथ ताराचंद रत्नाकर, धनी राम सूर्या, अनुज प्रधान, ओम सूर्या, शशि कांत लसार, आर एस टाइगर, राम लखन रत्नाकर, सत्यम भवानी, लुकेश सूर्यवंशी और चित्रेश परिहार शामिल थे।

# एनएच पर लूट का पर्दाफाश, पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अकलतरा थाना क्षेत्र में ओव्हरब्रिज के पास हुआ था हादसा**



अकलतरा। राष्ट्रीय मार्ग पर हुई लूट की वारदात का जांजगीर-चांपा पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लूट की घटना 15-16 अक्टूबर की दरम्यानी रात अकलतरा नेशनल हाईवे फ्लाईओवर पर हुई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के समय पहचान छुपाने के लिए चेहरे पर नकाब लगाए हुए थे तथा प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियो की नंबर प्लेट पर कीचड़ लगाकर घूम रहे थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में सायबर सेल व थाना अकलतरा की संयुक्त टीम गठित कर जांच शुरू की गई। सायबर सेल जांजगीर द्वारा लगातार 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, जिसके बाद आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की गई। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रतन नायक, ट्रक चालक निवासी राजस्थान, अपने हेल्पर के साथ ट्रक में माल लेकर अहमदाबाद जा रहा था। पहचान होने पर सायबर सेल एवं थाना अकलतरा पुलिस की संयुक्त टीम ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने अमन साहू पिता श्यामसुंदर साहू उम्र 20 वर्ष, निवासी खम्हरिया, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, असीफ उर्फ छोटू खान पिता अब्दुल मजीद खान उम्र 21 वर्ष, निवासी मडई, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, प्रियांशु गांगुली पिता स्व. अमरदास गांगुली उम्र 21 वर्ष, निवासी खम्हरिया, थाना सीपत, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 8880, एक चाकू, एक लोहे का रॉड एवं नकद 10 हजार बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रतन नायक, ट्रक चालक निवासी राजस्थान, अपने हेल्पर के साथ ट्रक में माल लेकर अहमदाबाद जा रहा था। अकलतरा फ्लाईओवर पर आरोपियों ने स्कॉर्पियो से ट्रक रोककर मारपीट की और ट्रक में रखी नकदी 85 हजार रूपए लूट ली थी। इस संबंध में थाना अकलतरा में धारा 309(4), 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर तीनों आरोपियों को दिनांक 18 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक, थाना प्रभारी अकलतरा निरीक्षक भास्कर शर्मा, सायबर टीम एवं थाना स्टाफ की विशेष भूमिका रही। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 8880, एक चाकू, एक लोहे का रॉड एवं नकद 10 हजार बरामद किया गया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## तीज राम केवट का सहारा बनी मनरेगा डबरी

### डबरी से बदली तकदीरः मछली पालन से आर्थिक सशक्तिकरण

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत बनी निजी डबरी भले ही श्रीमती फोटोबाई केंवट के नाम पर स्वीकृत रही हो, लेकिन परिस्थितियों ने इसे तीजराम के जीवन का सबसे बड़ा सहारा बना दिया। पत्नी के निधन के बाद तीजराम के लिए जीवन अचानक खाली-सा हो गया था। घर, खेती और परिवार सब कुछ एक साथ संभालना उनके लिए आसान नहीं था। ऐसे समय में यही डबरी उनके संघर्ष की साथी बन गई। जिले के एक साधारण से गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत किया गया निजी डबरी निर्माण आज ग्रामीण आजीविका का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है।

जनपद पंचायत अकलतरा की ग्राम पंचायत बनाहिल में हितग्राही मूलक कार्य के रूप में स्वीकृत यह डबरी न केवल रोजगार का साधन बनी, बल्कि एक परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती देने का आधार भी बनी। मनरेगा योजना अंतर्गत 1,58,278 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति के साथ यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। कुल 1,48,192 रूपए की लागत से सम्पन्न इस कार्य में 52 परिवारों द्वारा 842 मानव दिवस का सृजन हुआ। इससे न केवल ग्रामीणों को रोजगार मिला, बल्कि जल संरक्षण जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकता की भी पूर्ति हुई। डबरी निर्माण से क्षेत्र में जल संग्रहण, भू-जल स्तर में सुधार और आसपास के खेतों को सिंचाई सुविधा भी मिली।

डबरी निर्माण कार्य ग्राम पंचायत, रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक के समन्वय से पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी, सरपंच, रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक के मार्गदर्शन में यह कार्य ग्राम पंचायत के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है। आज यह सफलता की कहानी अन्य ग्रामीणों के लिए संदेश है कि मनरेगा केवल मजदूरी नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका और आत्मनिर्भरता का माध्यम है। निजी डबरी निर्माण जैसे कार्य अपनाकर ग्रामीण न केवल रोजगार पा सकते हैं, बल्कि खेती, मछली पालन और जल संरक्षण के माध्यम से अपने भविष्य को सुरक्षित भी बना सकते हैं। यही कारण है कि यह कहानी पढ़कर अन्य ग्रामीण भी आगे आकर डबरी निर्माण जैसे कार्यों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

तीजराम कहते हैं पत्नी श्रीमती फोटो बाई के निधन के बाद भी यह उनकी याद को संजोए हुए है आज यही मेरी ताकत है। इसी के सहारे मैं खेती कर पा रहा हूँ और परिवार का पालन पोषण कर रहा हूं। आज श्री तीजराम की यह मार्मिक यात्रा गांव के अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रही है कि निजी डबरी जैसे कार्य अपनाकर वे भी अपने जीवन को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बना सकते हैं।

### 48 घंटे में दिन का तापमान 2 डिग्री गिरने की संभावना

**जांजगीर।** जिले में पिछले एक सप्ताह से शहर सहित गांवों में सुबह 7.45 बजे तक कोहरा छाया रहा। गुरुवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा। बुधवार की तुलना में अधिकतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट आई, जबकि न्यूनतम तापमान स्थिर रहा। इसी कारण दोपहर के समय भी हल्की ठंड महसूस की गई।

आने वाले दिनों में भी तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा, क्योंकि उत्तर दिशा से कभी कम तो कभी अधिक मात्रा में ठंडी हवाएं आ रही हैं। सुबह और रात के समय ठंड का असर अधिक महसूस हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 48 घंटे में दिन का पारा 2 डिग्री लुढ़कने के आसार है। इस स्थिति में दिन में ठंड बढ़ने से लोगों को दोपहर में गर्मी व उमस से राहत मिलने की उम्मीद है।

## विधानसभा में राघवेन्द्र ने अवैध शराब बिक्री एवं धान खरीदी में अव्यवस्था का उठाया मुद्दा

**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने अनुपूरक बजट अनुदान मांग की चर्चा पर विपक्ष की ओर से प्रथम वक्ता के रूप मे अपनी बात रखी। कहा-इवेंट मैनेजमेंट की है ये भाजपा सरकार, कर्ज लेकर उत्सव मना रही है बिल आने वाली पीढ़ी भरेगी। अनुपूरक बजट चर्चा मे भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि 35000 करोड़ का भारी भरकम अनुपूरक बजट लाने कि आवश्यकता क्यों पड़ी ?

क्या मुख्य बजट का अनुमान सही नहीं था, खर्च पर नियंत्रण नहीं है सरकार की। इस अनुपूरक बजट मे कुछ भी नया नहीं है। इसमें ना तो नई भर्ती का प्रावधान है और ना ही अनियमित कर्मचारीयों को नियमितीकरण करके के लिए कुछ है। तो फिर मोदी की गारंटी का क्या हुआ? क्या झूठे वादे करके सरकार बनाई है आपने। किसान धान बेचनेके लिए सोसायटीयों के चक्कर लगा रहे है, टोकन कट नहीं रहा है पैसे के लिए बैंको मे लाइने लगी है, चारो तरफ अव्यवसथा का आलम है। सरकार कर्ज के ऊपर कर्ज ले रही है, हमारी पिछली सरकार ने 5 सालों में जितना कर्ज नहीं लिया उससे ज्यादा इस सरकार ने 2 साल मे ही ले लिया है। विधायक ने इस इस सत्र में 12 सवाल व 03 शून्यं काल की

सूचना व क्षेत्र की 6 विकास कार्यों के लिए लगाई याचिका लगाई। उन्होंने स्कूलों में समय पर बच्चों को पाठ्यपुस्तक नहीं मिलने, ग्राम पंचायतों को 09 माह बाद भी 15वें वित्त का पैसा नहीं मिलने का मामला सदन के सामने रखा। 50 लाख तक के विकास कार्यों के लिए ग्राम पंचायतो को ही एजेंसी बनाने की मांग रखी। विधायक श्री सिंह ने वन्देमातरम की चर्चा में भी अपना विचार रखा।

## किसानों को 24म7 टोकन सुविधा से राहत, साजापाली के किसान ने बेचा 28.80 क्विंटल धान

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में धान खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक रूप से संचालित की जा रही है। किसानों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसके साथ ही तुंहर टोकन मोबाइल ऐप के द्वारा 24म7 टोकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसान शासन के इस निर्णय से काफी उत्साहित हैं। जांजगीर-चांपा जिले में कलेक्टर जन्मेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है।

इसी कड़ी में अकलतरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम साजापाली निवासी किसान श्री हेमलाल निर्मलकर ने धान उपार्जन केंद्र ग्राम हरदी में अपना धान विक्रय किया। किसान श्री निर्मलकर ने बताया कि उनके द्वारा की गई फसल की नियमित निगरानी और उचित खाद बीज के कारण उन्हें बेहतर फसल प्राप्त हुई। उन्होंने धान की बिक्री हेतु मोबाइल एप तुंहर टोकन के माध्यम से घर बैठे ही ऑनलाइन टोकन लिया और निर्धारित समय पर अपने नजदीकी धान खरीदी केंद्र हरदी पहुंचकर उत्साहपूर्वक 28.80 क्विंटल धान का विक्रय किया। वे बताते हैं कि 24 घंटे उपलब्ध टोकन सुविधा के कारण उन्हें न तो लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा और न ही बार-बार केंद्र के चक्कर लगाने पड़े। धान खरीदी केंद्र में छाया, पेयजल, बैठने की सुविधा और त्वरित तौल जैसी सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं से उन्हें अत्यंत संतोषजनक अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने इस सुविधा के लिए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# वंदे मातरम् आदर्श विद्यालय से निकली भव्य सतनाम यात्रा



**मालखरौदा।** मुख्यालय स्थित वंदे मातरम् आदर्श विद्यालय मालखरौदा के तत्वावधान में परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस जयंती पर विद्यालय प्रांगण में बाबा गुरु घासी दास की विधिवत पूजा अर्चना कर श्वेत ध्वज फहराया गया। इसके बाद विद्यालय परिवार द्वारा श्वेत ध्वज और बाबा गुरु घासी दास की प्रतिमा के साथ भव्य सतनाम यात्रा निकाली गई, जो विद्यालय से प्रारंभ होकर ब्लॉक मुख्यालय होते हुए बीरभाठा चौक से ब्लाक कालोनी स्थित जैत स्तंभ पहुंचे।

जहां विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम् -जय सतनाम, जय सतनाम और मनखे मनखे एक समान - बाबा गुरु घासीदास जी है महान की उदघोष के साथ जैत स्तंभ में विधिवत् पूजा अर्चना कर बाबा गुरुघासी दास से आशीर्वाद प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक लालू गबेल द्वारा सभी को बाबा गुरुघासी दास की जयंती की शुभकामनाएं दी और प्राचार्य बीडी मेहेर ने बाबा गुरुघासी दास के मानव जीवन में सुधार हेतु दिए गए उनके उपदेशों को आत्मसात करने विद्यार्थियों को प्रेरित किए। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यालय परिवार शामिल रहे।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने चुन्नी लाल

**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देशानुसार और प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अशोक साहू की अनुशंसा पर पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। चुन्नीलाल साहू के पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष एवं खुशी है। अपनी नियुक्ति पर चुन्नीलाल साहू ने कहा कि संगठन एवं शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर व्यक्त किया है उसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। भाजपा की विचारधारा एवं संस्कृति को जन-जन तक पहुंचा कर उन्हें भारतीय जनता पार्टी से जोड़कर पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

## बायपास सड़क पर गड्ढों से बढ़ा दुर्घटनाओं का खतरा,कब होगा सुधार

**जांजगीर।** बीटीआई नहर चौक से केरा रोड की ओर जाने वाली बायपास सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। कई बार लोग इन गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। - सूर्या बंजारे

## सिद्धार्थ शर्मा का निधन

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकासखंड के ग्राम गंगाजल के प्रतिष्ठित नागरिक सिद्धार्थ शर्मा का मंगलवार 16 दिसंबर को भोपाल में निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार जांजगीर स्थित मुक्तिधाम में हुआ। वे श्रीमती निर्मला शर्मा के पुत्र एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार दुबे तथा इंजीनियर हेमंत कुमार दुबे के भांजे थे। अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## श्रीमती उर्मिला यादव दिवंगत

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत किकिरदा के कटही पारा निवासी प्रतिष्ठित नागरिक मनसुखा यादव के धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला यादव का गुरुवार 18 दिसंबर को निधन हो गया। वे 55 वर्ष की थी। वे अपने पीछे तीन पुत्रों एवं एक पुत्री से भरा पूरा परिवार को रोता बिलखता छोड़कर चली गई है। स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र समारू यादव ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा ग्राम वासियों और रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## नहीं रहे श्याम चंद्रा

**देवरघटा।** ग्राम पंचायत सुखदा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पूर्व बीडीसी श्याम कुमार चंद्रा का सोमवार 15 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, सजातीय बंधु एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे ज्योति प्रकाश, सत्यप्रकाश, दिनेश चंद्रा एवं आशा चंद्रा के पिता थे।

## नगर पंचायत नया बाराद्वार में 143 आवास की मंजूरी

**बाराद्वार।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी पुनीत कुमार वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगर पंचायत नया बाराद्वार में अब तक कुल 143 मकानों की स्वीकृति दी जा चुकी है। शासन द्वारा 89 लाख रुपए की अपर लिमिट नगर पंचायत नया बाराद्वार को जारी की गई थी, जिसमें से 16 हितग्राहियों को 10.08 लाख रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष हितग्राहियों जिनका कार्य प्रारंभ हो चुका है उनकी किस्त का भुगतान प्रक्रियाधीन है।

# 4450 वोटर दो जगहों पर कर रहे वोटिंग

**जांजगीर।** जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम में मतदाता सूची को अपडेट करने का काम तेजी से किया गया। प्रक्रिया में मृतक मतदाताओं और स्थायी रूप से अनुपस्थित मतदाताओं का विशेष ध्यान रखा गया। आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 16237 मृतक मतदाताओं को अनकलेक्टेबल श्रेणी में अंकित किया गया है। इसके साथ ही 10295 मतदाता अनुपस्थित मिले हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अन्य श्रेणियों के आंकड़े भी जारी किए गए हैं। स्थायी रूप से पलायित मतदाताओं की संख्या 28569, डुप्लीकेट की संख्या 4452 और अन्य कारणों से हटाए गए मतदाताओं की संख्या 149 है। 16237 मृतक मतदाताओं का नाम हटाने से पहले दावा-आपत्ति ली जाएगी। इससे मतदाता सूची में वास्तविक मतदान संख्या का आंकड़ा मिलेगा। इससे डुप्लीकेट वोटिंग की संभावना कम होगी और निर्वाचन में विश्वसनीयता बढ़ेगी। जो मतदाता स्थायी रूप से पलायन कर चुके हैं या कहीं और रह रहे हैं, उनका नाम हटाने से वास्तविक सक्रिय मतदाताओं की पहचान होगी। 28569 स्थायी पलायित मतदाता और 4452 डुप्लीकेट प्रविष्टियों का अंकन सूची को वास्तविक और अपडेट बनाने में सहायक है।

**मृतक और डुप्लीकेट वोटर वाली लिस्ट पर दावा-आपत्ति**

कैटेगरी के अनुसार जानिए आंकड़े 6कैटेगिरी-ए॰ पुराने मतदाता, जिनका नाम 2003 और 2025 की सूची में दर्ज है- 233709 6कैटेगिरी-बी॰ माता या पिता के नाम सूची में दर्ज- 376592 6कैटेगिरी-सी॰ नए चिह्नांकित मतदाता- 29054 इन आंकड़ों के आधार पर मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा।

## सक्ती में 1000 किलो महुआ-लाहन, 80 लीटर अवैध शराब जब्त

**सक्ती।** सक्ती जिले में गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसंबर को घोषित शुष्क दिवस से पहले 1000 किलोग्राम महुआ लाहन पकड़ाया है। आबकारी विभाग ने 17 दिसंबर को यह कार्रवाई करते हुए 50 बोरे जब्त किए। विभाग की टीम ने वार्ड नंबर-1 क्षेत्र में छापा मारकर झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 40 बोतलें (प्रत्येक 2-2 लीटर), कुल 80 लीटर महुआ शराब भी पकड़ा है। अधिकारियों के अनुसार, इस लाहन से हजारों लीटर महुआ शराब बनाई जानी थी। मौके पर नमूने लेने के बाद पूरे लाहन को नष्ट कर दिया गया।

आबकारी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान में आबकारी आरक्षक संजीव भगत और अन्य स्टाफ का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

आबकारी विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अवैध शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

कलेक्टर के निर्देश और प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल के नेतृत्व में कार्रवाई के लिए टीम बनाई गई। आबकारी विभाग ने बताया कि शुष्क दिवस के मद्देनजर अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया था।

# नेशनल हाईवे पर हैवी ट्रैफिक, उड़ रहा धूल का गुबार



**बाराद्वार।** नेशनल हाईवे 49 के बाराद्वार क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोग और व्यापारी इस समस्या से परेशान हैं। 24 घंटे वाहन चालक मनमाने तरीके से वाहन चला रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और ट्रैफिक जाम आम बात हो गई है।

लगातार गुजरते भारी वाहनों से सड़क किनारे धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इससे राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं, जबकि घरों और दुकानों का सामान धूल से खराब हो रहा है। वाहन चालक नियमों की अनदेखी कर तेज गति से वाहन चला रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रांसपोर्टर अधिक मुनाफे के लिए ओवरलोडिंग कर रहे हैं और चालक बेखौफ वाहन दौड़ा रहे हैं। ट्रैक्टर भी सड़क पर तेज रफ्तार से चल रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड और नियमों का पालन न करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए।पलाडी चौक के रहवासी धूल से त्रस्त बाराद्वार के पलाडी चौक से नेहरू चौक और बस स्टैंड तक सड़क किनारे स्थित दुकानदारों और घर मालिकों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि दिनभर उड़ती धूल और भारी वाहनों के कारण उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। दुकानों का सामान खराब हो रहा है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं।

## अनमोल वचन......

आप यह नहीं चुन सकते कि आप कैसे मरेंगे या कब। लेकिन आप यह तय कर सकते हैं कि आप अभी कैसे जीने वाले हैं।

# वोट चोरी बहस का विषय

वोट चोरी के इल्जाम में दम है या नहीं- यह बहस का विषय है। मगर, यह भी सच है कि उन प्रश्नों से इस नैरेटिव को वजन मिला है, जो राहुल गांधी ने लोकसभा में उठाए। उनकी मांगों पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

चुनाव सुधार पर बहस के दौरान राहुल गांधी ने सरकार से तीन सवाल पूछे। ये वो सवाल हैं, जो सार्वजनिक दायरे में लगातार अहम बने रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने पूछा कि निर्वाचन आयुक्तों की चयन समिति से भारत के प्रधान न्यायाधीश को क्यों हटाया गया। यह प्रावधान क्यों किया गया कि पद पर रहते हुए निर्वाचन आयुक्त जो भी कार्य करेंगे, उनको लेकर उन पर कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की जा सकेगी। यह कानूनी व्यवस्था क्यों की गई कि चुनाव के सिर्फ 45 दिन बाद निर्वाचन आयोग सीसीटीवी और उससे हासिल डेटा को नष्ट कर सकेगा।

केंद्र अगर चाहता है कि जनमत के एक बड़े हिस्से की निगाह में चुनावों की लगातार घट रही साख को बहाल किया जाए, तो उसे इन प्रश्नों के विश्वसनीय उत्तर जरूर देने चाहिए। दरअसल, गांधी ने जो चार मांगें रखीं, अगर उनके प्रति सरकार सकारात्मक रुख अपनाए, तो देश की चुनाव प्रक्रिया को और विवादित होने से बचाया जा सकेगा। ये मांगें हैः चुनाव से कम-से-कम एक महीना पहले मशीन-रीडेबल वोटर लिस्ट जारी हो, सीसीटीवी फुटेज मिटाने वाला कानून वापस लिया जाए, विपक्ष को ईवीएम तक पहुंच मिले और उसका आर्किटेक्चर सार्वजनिक हो, तथा चुनाव आयुक्तों को सज़ा से बचाने वाला कानून बदला जाए। किसी तर्क से नहीं कहा जा सकता कि ये मांगे नाजायज हैं। चुनाव प्रक्रिया में सभी राजनीतिक दल समान हितधारक हैं। इसलिए इन मांगों का औचित्य स्वयंसिद्ध है। वोट चोरी के विपक्ष के इल्जाम में दम है या नहीं- यह अवश्य बहस का विषय है। निष्पक्ष नजरिए से इन दावे को स्वीकार करना कठिन है कि भाजपा की जीत सिर्फ वोट मैनेजमेंट से हो रही है। यह बात भी अपनी जगह सही हो सकती है कि कई दलों ने वोट चोरी की कहानी को अपनी नाकामियों को ढकने का बहाना बना लिया है। मगर, यह भी सच है कि उपरोक्त प्रश्नों से इस नैरेटिव को वजन मिला है। इसलिए लोगों के मन में तैर रहे संदेहों का निवारण किया जाना चाहिए। ऐसा ना होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिनकी ओर नेता विपक्ष ने भी इशारा किया।

## राशिफल

**मेष राशिफलः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्य योजना में बदलाव करना जरूरी है। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपकी ग्रोथ के लिए मददगार रहेगा, फिलहाल आपकी इनकम पहले जैसी ही रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को जल्दी ही स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**वृष राशिफलः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज अत्यधिक कार्यभार बना रहेगा, इसलिए आलस का त्याग करना पड़ेगा। आज अति आत्मविश्वास आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है, जिससे आपके पारिवारिक रिश्ते खराब हो सकते हैं। साथ ही आज कम खर्च करेंगे।

**मिथुन राशिफलः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवार का संपत्ति संबंधित समस्या सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। आज खर्चों की अधिकता की वजह से मन कुछ परेशान रहेगा।

**कर्क राशिफलः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। अगर बिजनेस बढ़ाने के लिए योजनाएं बना रहे हैं तो उन पर काम करने के लिए अनुकूल समय है। किसी प्रभावशाली इंसान की सलाह और मदद से आपको नई उपलब्धि मिल सकती है।

**सिंह राशिफलः**आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। परिवार में अपना उचित समय देना वातावरण को मधुर बनाकर रखेगा। आज दिन भर दौड़-धूप तथा मेहनत की अधिकता रहेगी, परंतु कार्य की सफलता आपकी थकान को दूर भी कर देगी। किसी जरूरतमंद मित्र की मदद करने से आत्मिक शांति मिलेगी।

**कन्या राशिफलः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज इस बात का भी ध्यान रखें कि भावनाओं में आकर महत्वपूर्ण निर्णय ना लें। पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाकर रखें, क्योंकि ज्यादा अंकुश लगाना उनके आत्मबल में कमी कर सकता है।

**तुला राशिफलः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। आज आलस या दूसरों की वजह से अपने महत्वपूर्ण काम को नजरअंदाज ना करें।

**वृश्चिक राशिफलः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। आज का दिन बहुत ही सुकून भरा रहेगा।

**राशिफलः** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों में भी व्यतीत करने से मानसिक सुकून मिलेगा। अगर प्रॉपर्टी से संबंधित मुद्दा चल रहा है तो आज उसके परिणाम आपके पक्ष में आने की संभावना है।

**मकर राशिफलः** आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय के स्थान पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे।

**कुंभ राशिफलः**आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा। आज रोजमर्रा की दिनचर्या से सुकून पाने के लिए आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनेगा, जिससे तन और मन दोनों प्रफुल्लित रहेंगे।

**मीन राशिफलः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज कुछ ना कुछ चुनौतियां भी रह सकती हैं। आज विपरीत परिस्थिति आने पर घबराएं नहीं और समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक हो जायेगा।

# एक सामाजिक और भावनात्मक दस्तावेज़ तेरे इश्क में

//पंकज दुबे//

**फ़िल्म का मूल संघर्ष प्यार और ऑब्सेशन की वह महीन रेखा है, जिसे पार करते ही प्रेम विष में बदल जाता है। इस फ़िल्म की कहानी में आधुनिक रिश्तों में इमोशन की एक दिलचस्प यात्रा है। तब प्यार किस तरह की कसौटी से गुज़रता है जब दो प्यार करने वालों के रिश्ते में इमोशनल बैगेज, पास्ट ट्रॉमा, क्लास डिफरेंस और समाज की उम्मीदें मिल जाती हैं। आज के 'सिने-सोहबत' में ताज़ातरीन फ़िल्म 'तेरे इश्क में' के बारे में विमर्श करते हैं।**

आनंद एल राय के निर्देशन में बनी ये फ़िल्म सिर्फ एक रोमांटिक ड्रामा नहीं, बल्कि एक प्रायोगिक प्रेम कहानी की कोशिश है जो प्यार, जुनून, क्लास डिवाइड, मनोविज्ञान और सामाजिक संरचनाओं के बीच जुझारू रिश्तों की परतों को उजागर करना चाहती है। 'तेरे इश्क में' सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक और भावनात्मक दस्तावेज़ भी है। फ़िल्म का मूल संघर्ष प्यार और ऑब्सेशन की वह महीन रेखा है, जिसे पार करते ही प्रेम विष में बदल जाता है।

फ़िल्म का हीरो शंकर (मुख्य अभिनेता धनुष) सिर्फ़ एक प्रेमी नहीं, बल्कि एक ऐसा व्यक्ति है, जिसने अपने बचपन, अकेलापन और निजी असुरक्षाओं को प्यार के माध्यम से सुलझाने की कोशिश की। बाद में जब प्यार के साथ जुनून, पजेसिव्नेस और असुरक्षा जुड़ते हैं, तो वह टॉक्सिक हो जाता है।

दूसरी ओर, महिला किरदार मुक्ति (कृति सेनन) जो कि एक एक पढ़ी लिखी, मनोविज्ञान की छात्रा है, शुरुआत में इस रिश्ते को महज़ एक प्रयोग के रूप में देखती है। उसके लिए यह प्रेम नहीं, शोध हैः कॉन्सेप्ट ऑफ़ वायोलेंस एज़ डिज़ीज़। धीरे धीरे, जब शंकर की भावनाएं प्रेम में बदल जाती हैं, तो मुक्ति की तार्किकता, समानुभूति और अकादमिक समझ उस जुनूनी प्यार के आगे लड़खड़ा जाती है।

इस फ़िल्म की कहानी में आधुनिक रिश्तों में इमोशन की एक दिलचस्प यात्रा है। तब प्यार किस तरह की कसौटी से गुज़रता है जब दो प्यार करने वालों के रिश्ते में इमोशनल बैगेज, पास्ट ट्रॉमा, क्लास डिफरेंस और समाज की उम्मीदें मिल जाती हैं।

'तेरे इश्क में', इस संघर्ष को सिर्फ संवादों तक सीमित नहीं रखती। उसके नज़रिए, कैमरा वर्क, एडिटिंग, लोकेशन सब मिलकर बताते हैं कि ऑब्सेसिव प्रेम केवल आतंरिक नहीं है, बल्कि वह सामाजिक संरचना, हमारे बड़े होने के तरीके, माहौल और बचपन के किसी ज़ख्म का परिणाम भी हो सकता है।

'तेरे इश्क में' मनोवैज्ञानिक जटिलताओं और इमोशनल ट्रॉमा जैसी अवधारणाओं के संदर्भ में प्रेम कहानी के साथ एक ज़रूरी प्रयोग किया गया है।

शुरुआत में, नायिका मुक्ति मनोविज्ञान के रिसर्च करती है। वह मानती है कि हिंसा एक बीमारी की तरह है जिससे उचित थेरेपी, काउंसलिंग, एम्पथी द्वारा निजात मिल सकती है। यह एक साहसिक कदम है क्योंकि हिंदी फिल्मों में अक्सर मनोवैज्ञानिक परतों को काफ़ी सतही रखा जाता है, लेकिन हिमांशु शर्मा और नीरज यादव की इस पटकथा ने पहली बार उसे केंद्र में रखा है।

ये फ़िल्म हमें सवाल देती है कि क्या बॉलीवुड अभी ऐसी कहानियों को ज़िम्मेदारी से पेश करने को तैयार है, जो मनोवैज्ञानिक यथार्थवाद के साथ हों या फिर वह सतही मेलोड्रामा की ओर लौट जाती है। ये फ़िल्म सिर्फ़ दो व्यक्तियों के बीच का इश्क नहीं दिखाती, बल्कि यह उनकी सामाजिक, आर्थिक पृष्ठभूमि, क्लास डिवाइड और आइडेंटिटी क्राइसिस को भी रेखांकित करती है।

शंकर और मुक्ति का प्रेम कॉलेज से शुरू होकर ज़िंदगी के कई जटिल पक्षों तक जाता है जिसमें प्यार को सिर्फ व्यक्तिगत अहसास ही नहीं, बल्कि सामाजिक संघर्ष की रीढ़ बनना पड़ता है। ऐसे सेट अप में, किरदारों का चयन, उनकी प्रतिक्रिया, उनके संघर्ष सिर्फ़ भावनात्मक नहीं, बल्कि सामजिक दबाव और पहचान के संकट से भी प्रभावित होती हैं। फ़िल्म ये दिखाने की कोशिश करती है कि प्यार के फैसले व्यक्तिगत नहीं, सामाजिक होते हैं।

संगीतकार एआर रहमान ने अपने संगीत के ज़रिए फ़िल्म को भावनात्मक लेयरिंग देने की कोशिश की है जो काफी प्रभावी हैं। इस फ़िल्म के सभी गानों के गीतकार हैं इरशाद क़ामिल।

'तेरे इश्क में' सिनेमाई और सामाजिक दृष्टि से एक मिश्रित अनुभव है। यह एक साहसी फ़िल्म है जो प्रेम कहानी के बहाने समाज के मनोविज्ञान टटोलने की कोशिश तो करती ही है, साथ ही मनोरंजन से ऊपर उठ कर विवाद, विमर्श, इंट्रोस्पेक्शन की ओर भी बढ़ती है।

अगर आज हमारा बॉलीवुड और समाज उन कहानियों को देखना चाहता है जो सिर्फ खुश होने वाले नहीं, बल्कि कॉम्प्लिकेटेड और रियलिस्ट रिश्तों पर आधारित हों तो 'तेरे इश्क में' एक शानदार कोशिश है। प्यार की पुरानी परिभाषाएं बदल रही हैं और 'तेरे इश्क में' इन बदलते रियलिटीज़ को पर्दे पर ला रही है।

लेकिन बदलाव सिर्फ दिखाना ही पर्याप्त नहीं उसे संभालने के लिए समझ, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी जरूरी है।

ये फिल्म समाज में कई ज़रूरी मुद्दों पर खुली चर्चा और आत्म निरीक्षण की जरूरत पर विमर्श की बखूबी शुरुआत करने में समर्थ है ।

ज़ाहिर है फिल्में सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि मानसिकता, सामाजिक दृष्टिकोण और नज़रिए बदलने का जरिया भी हो सकती हैं।

कई बार ये फ़िल्म इस बात की याद भी दिलाती है कि इसी टीम ने 'रांझणा' बनाई थी और कहीं न कहीं दर्शक इसकी तुलना उस फ़िल्म से भी करते हुए नज़र आ सकते हैं लेकिन अगर बारीकी से देखा जाए तो इसमें आज के दौर में रिश्तों की छटपटाहट को काफ़ी सावधानी से प्रस्तुत किया गया है।

आनंद एल राय की दो फिल्मों, 'तेरे इश्क में' और 'रांझणा' में उनके फ़िल्म बनाने के दृष्टिकोण की परस्पर तुलना करना रोचक है।

रांझणा (2013) एक क्लासिक प्रेमकथा है, जिसमें ग्रामीण पृष्ठभूमि, सामाजिक बाधाएं और शिक्षा के महत्व को दिखाया गया है। इस फिल्म में डीटेल्ड कैरेक्टर बिल्डिंग और यथार्थवादी संवाद प्रमुख हैं। कहानी में प्रेम, संघर्ष और व्यक्तिगत विकास का मिश्रण दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ता है। अभिनय में दीपिका पादुकोण और दिव्यांशु राठौड़ की रियलिस्टिक प्रस्तुति फिल्म की ताकत है।

वहीं 'तेरे इश्क में' आधुनिक शहरी रोमांस की कहानी प्रस्तुत करती है। इसमें शहरी प्रेम की जटिलताओं, रिश्तों में गतिशीलता और डिजिटल युग की सामाजिक असमानताओं को उभारा गया है। कहानी में भावनाओं की तीव्रता और रोमांटिक ड्रामा को हाई-टेक विज़ुअल्स और युवा-उन्मुख संगीत के माध्यम से संवेदनशीलता दी गई है। धनुष और कृति सेनन की केमिस्ट्री फिल्म को युवा दर्शकों के लिए आकर्षक बनाती है।

जहां 'रांझणा' संवेदनशील, धीमी-धीमी और भावनात्मक रूप से मजबूत है, वहीं 'तेरे इश्क में' तीव्र, ग्लैमरस और आधुनिक प्रेम पर केंद्रित है। दोनों फिल्मों में प्रेम है, लेकिन 'रांझणा' में यह सामाजिक और मानवीय संघर्ष के साथ जुड़ा है, जबकि 'तेरे इश्क में' व्यक्तिगत और रोमांटिक अनुभव के इर्द-गिर्द घूमता है।'तेरे इश्क में' एक आदर्श फिल्म हो न हो लेकिन वह एक साहसिक, विवादास्पद, मर्मस्पर्शी कोशिश ज़रूर है जो बॉलीवुड की पारंपरिक प्रेम कहानियों से एक कदम आगे जाती है और दर्शकों, समीक्षकों, समाज सबको सोचने पर मजबूर करती है।

# मार्क्स-मैकॉले मानसपुत्रों की बौखलाहट लाजमी

//बलबीर पुंज//

**यूं तो प्रधानमंत्री मोदी ने मैकॉले मानसिकता की सही पहचान की है, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। भारत का प्रभावशाली राजनीतिक, बौद्धिक और सामाजिक वर्ग सिर्फ मैकॉले ही नहीं, बल्कि कार्ल मार्क्स की विचारधारा से भी लंबे समय तक ग्रस्त रहा है। स्वतंत्रता के बाद से यह वैचारिक तंत्र— कभी साथ मिलकर, कभी अलग-अलग अपने 'अधूरे एजेंडे' को आगे बढ़ाता रहा। हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 'मैकॉले मानसिकता' से पूरी तरह मुक्त कराने का संकल्प दोहराया। उनके अनुसार— वर्ष 1835 में मैकाले नाम के एक अंग्रेज ने भारत को अपनी जड़ों से उखाड़ने के बीज बोए थे।**

मैकाले ने भारत में मानसिक गुलामी की नींव रखी थी। दस साल बाद 2035 में उस घटना को 200 वर्ष पूरे हो रहे हैं। हमें दस वर्षों का लक्ष्य लेकर चलना है कि भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। प्रधानमंत्री ने यह बात बिल्कुल उपयुक्त स्थान– अयोध्या में कही। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के निर्माण में सात दशक की देरी, दरअसल, उसी मानसिक गुलामी का प्रतीक है। यह मंदिर स्वतंत्रता के तुरंत बाद बन सकता था, जो भारत के आत्मगौरव और पहचान की पुनर्स्थापना में एक बड़ा कदम होता।

परंतु औपनिवेशिक सांचे में ढले नेताओं-बुद्धिजीवियों ने इसे हिंदू-मुस्लिम विवाद में परिवर्तित कर दिया। इस संबंध में विदेशी मानसपुत्रों ने ऐसे झूठे नैरेटिव गढ़े, जिनसे यह मामला दशकों तक मुकदमों के जाल में उलझा रहा, सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ा, अनगिनत निर्दोषों की जानें गई और अकूत संपत्ति का नुकसान हुआ। इस विषय को मैंने अपनी पुस्तक– 'ट्रिस्ट विद अयोध्याः डिकॉलोनाइजेशन ऑफ इंडिया' में विस्तार से समझाया है।

यूं तो प्रधानमंत्री मोदी ने मैकॉले मानसिकता की सही पहचान की है, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। भारत का प्रभावशाली राजनीतिक, बौद्धिक और सामाजिक वर्ग सिर्फ मैकॉले ही नहीं, बल्कि कार्ल मार्क्स की विचारधारा से भी लंबे समय तक ग्रस्त रहा है। स्वतंत्रता के बाद से यह वैचारिक तंत्र– कभी साथ मिलकर, कभी अलग-अलग अपने 'अधूरे एजेंडे' को आगे बढ़ाता रहा। दोनों कभी मिले नहीं, लेकिन वे भारत की सनातन सभ्यता से गहरी घृणा करते थे।

थॉमस बैबिंगटन मैकॉले रुग्ण पूंजीवादी और साम्राज्यवादी थे। दूसरी ओर, कार्ल मार्क्स वामपंथी विचारधारा का अग्रदूत, जो पूंजीवाद की तीखी आलोचना करते और वर्ग-संघर्ष को अपना हथियार मानते थे। परंतु दोनों का एक ही लक्ष्य था– भारत की आत्मा को इस्लामी आक्रांताओं की तरह बलपूर्वक– तलवार के बजाय बौद्धिक स्तर से क्षीण करना। इसलिए जब कालांतर में अंग्रेजों ने जिहादियों (मुस्लिम लीग सहित) के साथ मिलकर भारतीय उपमहाद्वीप के विभाजन का रास्ता तैयार किया, तब वामपंथियों ने न केवल इसका समर्थन किया, बल्कि भारत को 15 से अधिक और टुकड़ों में विभाजित करने का ख्वाब देखना शुरू कर दिया।

वर्ष 1835 में मैकॉले की शिक्षा-नीति का लक्ष्य था– ऐसी हिंदुस्तानियों की जमात तैयार करना, जो खून और रंग से तो भारतीय हो, मगर स्वाद, सोच, नैतिकता और बुद्धि से अंग्रेज। इस नीति ने ही भारतीयों को अपनी मूल सनातन संस्कृति को हीन-दृष्टि से देखने और उससे घृणा करने का मार्ग प्रशस्त किया। समृद्ध भारतीय साहित्य-विद्या परंपरा से मैकाले की नफरत इतनी गहरी थी कि वे उन्हें एक अच्छे यूरोपीय पुस्तकालय की छोटी अलमारी के भी बराबर भी नहीं मानते थे।

औपनिवेशी मैकॉले का चिंतन मजहबी भी था। 12 अक्टूबर 1836 को अपने पिता के नाम लिखित पत्र में उसने साफ लिखा– यदि हमारी शिक्षा नीति सफल रही, तो तीस वर्षों के भीतर बंगाल के सम्मानित घरानों में एक भी मूर्तिपूजक नहीं बचेगा। यह मानस 1813 के ईस्ट इंडिया कंपनी चार्टर के उसी विवादास्पद प्रावधान के अनुरूप था, जिसमें यूरोपीय मिशनरियों को भारत में मतांतरण की खुली छूट देने और इसमें सहयोग करने की बात थी। इसी औपनिवेशिक प्रयोगशाला से आगे 'आर्य आक्रमण सिद्धांत', 'द्रविड़ आंदोलन' और भारत राष्ट्र नहीं है जैसे अनेक विभाजनकारी नैरेटिव जन्में, जिनका असर स्वतंत्र भारत के एक बड़े तबके (राजनीतिक सहित) पर आज भी है।

ब्रिटिशराज में भारत का बौद्धिक-सांस्कृतिक दमन कार्ल मार्क्स के मन-मुताबिक था। 8 अगस्त 1853 को 'न्यूयॉर्क डेली ट्रिब्यून' के एक कॉलम में मार्क्स ने लिखा– अंग्रेज पहले विजेता थे, जिनकी सभ्यता श्रेष्ठतर थी, और इसलिए, हिंदू सभ्यता उन्हें अपने अंदर न समेट सकी। उन्होंने देशज समाज को उजाड़कर, स्थानीय उद्योग-धंधों को तबाह करके और मूल समाज के अंदर जो कुछ भी महान और उन्नत था, उन सबको धूल-धूसरित करके भारतीय सभ्यता को नष्ट कर दिया। उसके अनुसार– इंग्लैंड का भारत में दोहरा मिशन हैः एक विनाशकारी और दूसरा पुनर्निर्माणकारी। मार्क्स इस तबाही को जरूरी 'क्रांति' की सीढ़ी मानते थे, क्योंकि संस्कृति और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे के पूरक होते हैं।

यही नहीं, 25 जून 1853 को 'न्यूयॉर्क डेली ट्रिब्यून' के अन्य कॉलम में मार्क्स ने हिंदू परंपराओं-मान्यताओं पर लिखा– ज्मनुष्य प्रकृति का स्वामी बनने के बजाय उसके सामने झुकता थाज इस पतन का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि मनुष्य बंदर 'हनुमान' और गाय 'सबला' की पूजा करता है भारत आए बिना मार्क्स ने यह विचार प्रकट किए थे और स्वतंत्र भारत में उनके अनुयायी आज भी इसका अनुसरण करते हुए सनातन आस्था-परंपराओं को कलंकित करते है। वास्तव में, भारतीय दर्शन मनुष्य को प्रकृति का हिस्सा मानता है, उसका स्वामी नहीं। वैदिक संस्कृति ने ही पहली से सत्रहवीं सदी तक भारतीय अर्थव्यवस्था को समृद्ध रूप दिया– इसका प्रमाण दुनियाभर के प्रामाणिक शोध में मिलता है।

जिस औपनिवेशिक मार्क्स-मैकाले मानसिकता से भारत को स्वतंत्रता के बाद मुक्त हो जाना चाहिए था, उसे 1998-2004 के कालखंड पश्चात बाद गति वर्ष 2014 के बाद मिली। इस संदर्भ में ब्रिटेन के प्रतिष्ठित अखबार 'द गार्जियन' का 18 मई 2014 का संपादकीय बहुत महत्वपूर्ण होत जाता है। उसके अनुसार– मोदी की जीत उस लंबे दौर का अंत है, जिसमें सत्ता का ढांचा लगभग वैसा ही था जैसा ब्रिटेन ने भारत पर राज करते समय बनाया था। कांग्रेसी शासन में भारत कई मायनों में ब्रिटिशराज की ही दूसरी रूप में जारी व्यवस्था जैसा था।

स्वतंत्रता के बाद अयोध्या में समाज (मुस्लिम सहित) और शासन-प्रशासन– सब एकमत थे कि हिंदुओं को श्रीरामजन्मभूमि सौंप दी जाए। परंतु तत्कालीन प्रधानमंत्री पं। नेहरू और उनके मार्क्स-मैकॉले चिंतन ने ऐसा नहीं होने दिया। आज पुनर्निर्मित श्रीरामजन्मभूमि मंदिर सिर्फ एक सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि सनातन पुनर्जागरण का जीवंत प्रतीक भी है। 25 नवंबर को वैदिक मंत्रों के बीच जब प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में सनातन ध्वज स्थापित किया, तो यह भारत की सभ्यतागत उन्नति के आह्वान के साथ गुलाम मानसिकता की जंजीरों को तोड़ने की घोषणा भी थी। इससे मार्क्स-मैकॉले मानसपुत्रों की बौखलाहट लाजमी है।

## तस्वीरों की दुनिया




मुंबई में 25वें भारतीय टेलीविजन अकादमी (आईटीए) पुरस्कार 2025 में अभिनेत्री शिवांगी जोशी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओमान के मस्कट में इंडिया-ओमान बिजनेस फोरम को संबोधित किया।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में एयर हेडक्वार्टर में भारतीय वायु सेना कमांडर्स कॉन्क्लेव में।



हाल ही में नियुक्त बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से उनके आवास पर मुलाकात की।



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शहरी विकास और आवास विभाग की ज़िम्मेदारी मिलने के बाद मार्गदर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की, इस दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना में मौजूद थे।



नई दिल्ली में घने कोहरे और कम विजिबिलिटी के बीच यात्री एनएच -24 पर सावधानी से आगे बढ़ रहे हैं।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में मोबाइल फोरेंसिक वाहनों को हरी झंडी दिखाई, इस दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी मौजूद थे।

# मानव बम बनने की तैयारी कर रहा था जैश आतंकी यासिर, गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने किया बड़ा खुलासा

**नईदिल्ली, 19 दिसम्बर [एजेंसी]।**

लाल किला के बाहर हरियाणा नंबर की आई-20 कार में मानव बम बनकर धमाका करने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सफेदपोश आतंकी नेटवर्क से जुड़े पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक और आतंकी यासिर अहमद डार को गिरफ्तार किया है। एनआईए की जांच में चौकाने वाली बात सामने आई है। आतंकी याशिर अहमद डार को पटियाला कोर्ट में पेश किया गया।आतंकी यासिर अहमद डार भी लाल किला कार धमाका में मारे गए आतंकी डॉ. उमर नबी बट की तरह मानव बम बनने की तैयारी कर रहा था। उसकी योजना भी उमर नबी बट की तरह आत्मघाती हमला करने की थी। इसके लिए उसने पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं से बातचीत में कई माह पहले शपथ भी ली थी, लेकिन सफेदपोश डॉक्टर मॉड्यूल का भंडाफोड़ हो जाने व कई आतंकी साथियों के पकड़े जाने से इस मॉड्यूल के विस्तृत मंसूबे पर पानी फिर गया। एनआईए का कहना है कि फरीदाबाद में इस मॉड्यूल के कई आतंकियों के पकड़े जाने और पुलिस द्वारा इनके विस्फोटक, हथियार व कारतूस बरामद होते देख आनन-फानन में फरीदाबाद से दिल्ली आकर उमर नबी बट 10 नवंबर को लाल किला के बाहर मानव बम बनकर भले



ही धमाका कर दिया लेकिन इस मॉड्यूल की योजनाा अभी फिलहाल धमाका करने की नहीं थी। यह मॉड्यूल अभी प्लानिंग ही कर रहा था।एनआईए के अनुसार, अगर यासिर अहमद डार भी उस समय दिल्ली-एनसीआर में होता तब वह भी मानव बम बनकर दिल्ली-एनसीआर को दहला सकता था।

लाल किला ब्लास्ट मामले में 15 लोगों की मौत हो गई थी और 22 लोग घायल हो गए थे। एनआईए का कहना है कि इस केस में गिरफ्तार होने वाला यासिर अहमद डार नौवां आतंकी है। वह श्रीनगर के शोपियां का रहने वाला है। उसे एनआईए ने दिल्ली से एक मुस्लिम बहुल इलाके से पकड़ा गया है। एनआईए को जांच में पता चला है कि 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में हुए कार बम ब्लास्ट के पीछे की साजिश में यासिर की सक्रिय भूमिका थी। साजिश में सक्रिय रूप से शामिल होने के कारण, उसने वफादारी की शपथ ली थी और बलिदान देने वाले ऑपरेशन करने की कसम खाई थी।कई साथियों के पकड़े जाने पर उसने घटना वाले दिन 10 नवंबर को उमर को मानव बम बनकर धमाका करने की नसीहत दी थी। उस दिन उसने खुद को शोपियां में होने के कारण अफसोस जाहिर की थी।जांच से यह में यह भी पता चला है कि यासिर इस मामले में दूसरे आरोपितों के साथ, जिसमें उमर उन नबी (बम धमाके को अंजाम देने वाला मृत व्यक्ति) और मुफ्ती इरफान शामिल हैं, करीबी संपर्क में था।विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते हुए एनआईए आतंकी हमले के पीछे की साजिश का पता लगाने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही है। इस महीने की शुरुआत में इसने जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में कई संदिग्धों के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर तलाशी ली और कई डिजिटल डिवाइस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। इससे पहले मुख्य आरोपित डॉ. मुजम्मिल शकील गनी और डॉ. शाहीन सईद के ठिकानों पर भी तलाशी ली गई थी, जो अल फलाह यूनिवर्सिटी कॉम्पलेक्स और फरीदाबाद (हरियाणा) में अन्य जगहों पर थे।पटियाला हाउस स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने लाल किला बम धमाका मामले में आरोपित यासिर अहमद डार को 26 दिसंबर तक एनआईए हिरासत में भेज दिया। डार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोर्ट में पेश किया गया।

## अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में बड़ा विमान हादसा बिजनेस जेट हुआ क्रैश, कई लोगों की मौत

**उत्तरी कैरोलिना।** अमेरिका में एक बड़ा विमान हादसा हुआ है। गुरुवार को उत्तरी कैरोलिना हुए इस विमान हादसे में कई लोगों की मौत हुई है। पुलिस अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।एपी के मुताबिक छह लोगों को ले जा रहा एक व्यापारिक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे भीषण आग लग गई और कई लोगों की मौत हो गई।उड़ान रिकॉर्ड से पता चलता है कि विमान सेवानिवृत्त नैस्कर ड्राइवर ग्रेग बिफल द्वारा संचालित एक कंपनी के नाम पर पंजीकृत था। संघीय विमानन प्रशासन के अनुसार, शार्लोट से लगभग 45 मील (72 किलोमीटर) उत्तर में स्टेट्सविले क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हुए सेसना सी550 विमान में छह लोग सवार थे।इरेडेल काउंटी के शेरिफ डैरेन कैंपबेल ने कहा कि मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि कुछ लोगों की मौत हुई है।हवाई अड्डे के पास गोल्फ खेल रहे खिलाड़ी इस भयानक घटना को देखकर स्तब्ध रह गए। विमान के ऊपर से गुजरते समय लेकवुड गोल्फ क्लब में कुछ खिलाड़ी जमीन पर लेट गए। नौवां होल मलबे से ढक गया था।

# निजी क्षेत्र की भागीदारी खोलने वाला परमाणु ऊर्जा विधेयक संसद से पारित, पीएम मोदी ने कही ये बात



**नईदिल्ली, 19 दिसम्बर [एजेंसी]।**

संसद ने परमाणु ऊर्जा विधेयक पारित कर दिया। कड़े नियंत्रण वाले असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलने का प्रविधान करने वाले इस विधेयक सस्टेनेबल हॉर्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफार्मिंग इंडिया (शांति) को राज्यसभा ने ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी।साथ ही प्रस्तावित कानून को संसदीय समिति को भेजने के लिए विपक्ष की ओर से पेश कई संशोधनों को खारिज कर दिया। लोकसभा ने विधेयक को बुधवार को ही पारित कर दिया था।परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भारत को परमाणु ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाना और ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों पर निर्भरता कम करना है।उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति का विश्वसनीय स्त्रोत है, जबकि अन्य नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों के मामले में ऐसा नहीं है। उन्होंने बताया कि 2025 में देश ने 8.9 गीगावाट की परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल कर ली है और रोडमैप का पालन किया तो 2047 तक 100 गीगावाट की क्षमता हासिल कर लेंगे। जितेंद्र सिंह ने कहा कि बड़े पैमाने पर एआइ के आने से भारत की ऊर्जा की जरूरत परमाणु स्त्रोतों पर बहुत ज्यादा निर्भर होगी।असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलने का बचाव करते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों को निजी क्षेत्र के लिए खोलने के परिणाम बेहद फायदेमंद रहे हैं। साथ ही आश्वस्त किया कि विधेयक में सुरक्षा प्रविधानों से किसी तरह का समझौता नहीं किया गया है। सुरक्षा प्रविधान और उनकी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) वही हैं जो 1962 के परमाणु ऊर्जा अधिनियम में थे, जिसे पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्रित्व काल में लागू किया गया था।

इस एसओपी में साफ तौर पर पहले सुरक्षा, फिर उत्पादन का उल्लेख है।विकिरण के डर को दूर करते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि अब तक जनता को विकिरण से जुड़े किसी खतरे की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने कहा, पिछले 10-11 वर्षों में भारत ने वैश्विक भूमिका निभाई है। भारत अब दूसरों का अनुगामी नहीं है, अब हम पहली पंक्ति के देश हैं। 2014 के बाद यह पहली बार है जब जलवायु, ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा या स्वच्छ ऊर्जा जैसी वैश्विक चिंताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले परमाणु ऊर्जा विभाग का बजट सिर्फ 13,879 करोड़ रुपये था, जो वर्तमान में 37,483 करोड़ रुपये है। 2014 में परमाणु ऊर्जा क्षमता सिर्फ 4.7 गीगावाट थी; दो अब 8.9 गीगावाट है। संसद के दोनों सदनों से शांति विधेयक पारित होना भारत के प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए बदलाव लाने वाला पल है। यह भारत में निवेश करने, नवाचार करने और निर्माण करने का सबसे अच्छा समय है। यह विधेयक निजीक्षेत्र और युवाओं के लिए कई मौके खोलता है।

# अगर केंद्र राष्ट्रपिता को सम्मान नहीं दे सकता तो हम देंगे सीएम ममता ने रोजगार गारंटी योजना का नाम बदला



**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार द्वारा यूपीए जमाने की मनरेगा रोजगार योजना का नाम बदलकर विकसित भारत- जी रामजी करने के कदम की गुरुवार को कड़ी आलोचना की। उन्होंने राज्य सरकार की रोजगार गारंटी योजना कर्मश्री का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखने की घोषणा की।ममता ने कोलकाता के धनधान्य ऑडिटोरियम में राज्य सरकार द्वारा आयोजित व्यापार व उद्योग सम्मेलन के मंच से बिना नाम लिए भाजपा व मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र द्वारा मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना बेहद शर्मनाक है। अगर वह लोग (भाजपा व केंद्र) राष्ट्रपिता को सम्मान नहीं दे सकते तो हम देंगे। अब हम अपने राज्य की कर्मश्री योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखेंगे।ममता की ओर से यह घोषणा ऐसे समय आई है जब विपक्षी दलों के भारी विरोध व हंगामे के बीच गुरुवार को लोकसभा ने विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक या जीरामजी विधेयक पारित कर दिया, जो महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का स्थान लेगा। यह योजना ग्रामीण इलाकों में गरीब लोगों को रोजगार की गारंटी देता है। योजना का नाम बदलने को लेकर विपक्ष मोदी सरकार पर काफी हमलावर है।

दिसंबर, 2021 से बंद है मनरेगा की राशि बता दें कि मनरेगा की निधि बंद किए जाने पर ममता सरकार ने 2024 में कर्मश्री योजना शुरू की थी। भ्रष्टाचार के कारण दिसंबर, 2021 से ही केंद्र ने मनरेगा योजना में बंगाल की निधि रोक कर रखा है। इसको लेकर बंगाल सरकार हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जा चुकी है।कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस साल एक अगस्त 2025 से केंद्र को बंगाल में मनरेगा योजना फिर से लागू करने का निर्देश दिया था। अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ केंद्र की याचिका को खारिज करते हुए एक अगस्त से इसे लागू करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद यह अब तक लागू नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बंगाल को बदनाम करने के लिए झूठी खबरें व गलत जानकारी इंटरनेट मीडिया में फैलाई जा रही है।

# चाहरदीवारी के भीतर हुई घटना पब्लिक व्यू नहीं माना जा सकता एससी-एसटी मामले में राजस्थान हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**जोधपुर, 19 दिसम्बर [एजेंसी]।**



अगर कोई घटना बंद दुकान या घर की चाहरदीवारी के भीतर होती है तो उसे पब्लिक व्यू में नहीं माना जा सकता। जो इस एक्ट के लिए अनिवार्य शर्त है। यह कहते हुए राजस्थान हाई कोर्ट ने अपने जजमेंट में एससी-एसटी मामले में निचली अदालत के 31 साल पुराने फैसले को पलट दिया।कोर्ट के जज फरजंद अली ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि दो व्यक्तियों के बीच निजी या व्यावसायिक लेन-देन के विवाद को एससी-एसटी एक्ट का रूप देना कानून का सरासर गलत इस्तेमाल है। कोर्ट ने 1994 में निचली अदालत की ओर से सुनाई गई सजा को रद करते हुए आरोपी शोरूम मालिक को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने एक निजी विवाद में एससी-एसटी कानून के कड़े प्रविधान लागू करके कानून का गलत इस्तेमाल किया है।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि कथित जातिसूचक अपमान या गाली किसी बंद दुकान, शोरूम या चाहरदीवारी के भीतर हुई हो, जहां आम जनता की मौजूदगी या दृश्यता न हो, तो उसे कानून की दृष्टि में सार्वजनिक दृष्टि में किया गया कृत्य नहीं माना जा सकता।मामला एक वाहन शोरूम संचालक से जुड़ा था, जिस पर आरोप था कि उसने एक ग्राहक के साथ जातिसूचक गाली-गलौज और मारपीट की। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को एससी-एसटी एक्ट की धारा के तहत दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी, जिसे हाई कोर्ट ने अपील में खारिज कर दिया।

## अमेरिका ने आईसीसी के दो जजों पर लगाए प्रतिबंध इजरायल को निशाना बनाए जाने को लेकर की कार्रवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को कहा कि उनके देश ने इजरायल को निशाना बनाए जाने को लेकर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के दो जजों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका की प्रतिबंध सूची में अब ऐसे वरिष्ठ जजों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। इधर, आईसीसी ने इजरायल मामले से जुड़े अपने दो जजों पर अमेरिकी प्रतिबंध को कोर्ट की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया है। उसने कहा कि जब न्यायिक अधिकारियों को धमकाया जाता है तो अंतरराष्ट्रीय कानून व्यवस्था खतरे में पड़ जाती है। रूबियो ने एक बयान में कहा, आज मैं आइसीसी के दो जजों जार्जिया के गोचा लार्डकिपानिड्ज और मंगोलिया के एर्डेनबाल्सुरेन डामडिन को कार्यकारी आदेश 14023 के तहत नामित कर रहा हूं।उन्होंने आइसीसी पर प्रतिबंध लगाने के ट्रंप के उस आदेश के संबंध में यह जिक्र किया, जिस पर उन्होंने गत फरवरी में हस्ताक्षर किए थे। रूबियो ने कहा, ये लोग इजरायल की सहमति के बिना इजरायली नागरिकों की जांच, गिरफ्तारी या अभियोजन के प्रयासों में सीधे तौर पर शामिल हैं।

# डेस्टिनेशन लद्दाख के लिए 22.1 करोड़ की परियोजनाओं को मिली मंजूर, 200 होम-स्टे का हुआ रजिस्ट्रेश



**जम्मू।** डेस्टिनेशन लद्दाख अभियान लेह व कारगिल जिलों में पर्यटन को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाकर क्षेत्र के निवासियों के भविष्य को बेहतर बनाएगा। लद्दाख में पर्यटन को विशिष्ट पहचान देने के अभियान के तहत स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत पर्यटन को बढ़ावा देने की 22.1 करोड़ की परियोजनाएं मंजूर की गई है। वहीं लद्दाख में पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए दूरदराज इलाकों में 200 होम स्टे पंजीकृत हुए हैं। गुरुवार को लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने लेह में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के आधिकारिक डेस्टिनेशन लद्दाख अभियान के लोगो का अनावरण किया। इस मौके पर लद्दाख प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेना की 72 इन्फैंट्री डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल मनीष जोशी व पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारक मौजूद रहे। लद्दाख में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत मंजूर परियोजनाओं में सिंधु दर्शन पार्क, हुंदरमन हेरीटेज गांव मुख्य हैं। इसके साथ मरखा वैली को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

वहीं पीएम जनजातीय उन्नत गांव योजना के तहत जनजातीय गांवों में होमस्टे को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इनमें लगभग 200 होमस्टे पंजीकृत हो चुके हैं। इसके अलावा पेट्रोग्लिफ पार्क, संग्रहालय विकास, सामान्य हाइकिंग केंद्र व लेह पैलेस में साउंड एंड लाइट शो जैसी परियोजनाएं भी प्रगति पर हैं। डेस्टिनेशन लद्दाख अभियान का लोगो टीम स्ट्रिंगमो ने तैयार किया है। यह भोती अक्षर ला से प्रेरित है, जो 'लैंड आफ हाई पासेज़' का प्रतीक है। इसका गहरा लाल रंग ऐतिहासिक मैरयूल यानी 'रेड लैंड' को दर्शाता है।

# तेल इकाई और फर्नीचर कारखाने का प्रधान जिला जज ने किया निरीक्षण, नए कैदियों को भी जोड़ने का निर्देश

**मुजफ्फरपुर, 19 दिसम्बर [एजेंसी]।**



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्ष श्वेता कुमारी सिंह गुरुवार को शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा का निरीक्षण कीं। इस दौरान उनके साथ सीजेएम राज कपूर व डालसा सचिव जयश्री कुमारी भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला जज ने कारा के विभिन्न वार्डों, विशेषकर महिला वार्ड का भ्रमण कर बंदियों का हाल-चाल जाना। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लगाई गई शिकायत पेटी को भी खोला गया। इसमें कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ।जेल के पुराने भवनों और पुस्तकालय के जीर्णोद्धार के संबंध में पूछने पर कारा प्रशासन ने बताया कि नवीकरण की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। प्रधान जिला जज ने जेल परिसर में संचालित विनिर्माणशालाओं का निरीक्षण किया। इसमें मसाला केंद्र, सरसों तेल इकाई और लकड़ी के फर्नीचर बनाने के कारखाने शामिल थे।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित बंदियों के साथ-साथ नए बंदियों को भी इन कार्यों से जोड़ा जाए, ताकि वे जेल से बाहर निकलने के बाद हुनर का उपयोग सम्मानजनक जीवन यापन के लिए कर सकें। जेल की दीवारों पर बंदियों द्वारा उकेरी गई मिथिला पेंटिंग की सराहना की। रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिला बंदियों के बच्चे से भी मिली। इसके पूर्व उन्हें गाड आफ आनर दिया गया। मौके पर जेल अधीक्षक युसूफ रिजवान समेत जेल के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान बंदियों से संवाद कर यह जानने की कोशिश की कि क्या उनके साथ जाति आधारित भेदभाव होता है। इस पर किसी बंदी ने इस तरह की शिकायत नहीं की। कारा परिसर में साफ-सफाई की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रधान जिला जज ने कारा प्रशासन को पर्याप्त अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। सभी बंदियों को समय पर कंबल और गर्म कपड़े उपलब्ध कराने को कहा। सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट, नालसा और बालसा के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन हो। विधिक सेवा केंद्र के माध्यम से बंदियों को कानूनी सहायता मिलने में कोई देरी न हो।

## बांग्लादेशी विद्रोह के घायल नेता हादी की सिंगापुर में मौत ढाका में लोगों का फूटा आक्रोश, तोड़फोड़ और आगजनी

**ढाका 19 दिसम्बर।** बांग्लादेश में पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के एक प्रमुख नेता और इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की गुरुवार रात सिंगापुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पिछले हफ्ते अज्ञात हमलावरों ने हादी के सिर में गोली मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, आज मैं आपके सामने बहुत दुखद खबर लेकर आया हूं। जुलाई विद्रोह के निडर अग्रिम पंक्ति के लड़ाके और इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी अब हमारे बीच नहीं रहे। यूनुस ने हादी के हत्यारों को पकड़ने के लिए तुरंत कार्रवाई का वादा किया और एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। हादी की मौत उनके परिवार द्वारा सिंगापुर में उनकी जान बचाने के आखिरी प्रयास के तौर पर सर्जरी की सहमति देने के कुछ घंटे बाद हुई। हादीकी मौत की खबर फैलते ही, प्रदर्शनकारी शाहबाग में जमा हो गए और हादी के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाते हुए यातायात को अवरुद्ध कर दिया।

# JMM ने मनरेगा की जगह VB-GRAM-G योजना को बताया घातक, कहा- केंद्र को लेना पड़ेगा वापस

**रांची, 19 दिसम्बर [एजेंसी]।**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म कर लाए गए नए कानून विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम-जी बिल) का कड़ा विरोध किया है। पार्टी ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताते हुए कहा कि यह बिल गांवों की आजीविका व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर देगा। जमीन अधिग्रहण कानून की तरह इसे केंद्र सरकार को वापस लेना होगा।

झामुमो महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता में कहा कि वर्ष 2009 में वैश्विक आर्थिक संकट के दौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और अर्थशास्त्री डॉ. अमर्त्य सेन ने मनरेगा के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल दिया था। मनरेगा न सिर्फ 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, बल्कि काम न मिलने पर भत्ते का भी प्रावधान करता है। इसके विपरीत नया बिल रोजगार की गारंटी समाप्त करता है।उन्होंने आरोप लगाया कि नए कानून में पिक एंड चूज के आधार पर काम मिलेगा, यानी भाजपा समर्थकों को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना में 60¬40 के अनुपात में राज्य और केंद्र की हिस्सेदारी तय की गई है, जिससे राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।

सुप्रियो ने कहा कि मनरेगा में मजदूरी का 100 प्रतिशत खर्च केंद्र उठाता था, लेकिन नए कानून में यह व्यवस्था खत्म कर दी गई है।भूमिहीनों की समस्या उठाते हुए उन्होंने कहा कि 60 दिनों के कृषि कार्य का तर्क निरर्थक है, क्योंकि जिनके पास जमीन नहीं है, वे खेती कैसे करेंगे। कोविड काल में मनरेगा ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा बना था, लेकिन अब वही अधिकार छीने जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि नए कानून में न गारंटी है, न सार्वभौमिकता और न ही अधिकार, जिससे बेरोजगारी बढ़ेगी और संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचेगा। जैसे भूमि अधिग्रहण और किसान कानून वापस लिए गए, वैसे ही इस कानून को भी केंद्र सरकार को वापस लेना होगा।

# UCC ने दिखाई देश को एक नई दिशा, मुस्लिम बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में मिलेंगे समान अवसर : सीएम धामी

**देहरादून, 19 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता लागू कर सामाजिक न्याय और समानता को लेकर पूरे देश को एक नई दिशा दिखाने का कार्य किया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में लागू नया अल्पसंख्यक शिक्षा कानून किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं है। राज्य के सभी अल्पसंख्यक समुदायों को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करेगा। अब सभी मदरसों सहित सभी अल्पसंख्यक विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा के साथ ही उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड से निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, नींबूवाला में आयोजित कार्यक्रम में विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सदियों से समानता और सभी धर्मों तथा समुदायों के प्रति सम्मान की परंपरा रही है। भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए हमेशा पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, मुफ्त राशन योजना जैसी कई योजनाओं के माध्यम से अल्पसंख्यक



समुदाय के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में करतारपुर साहिब कारीडोर का निर्माण, लंगर से सभी प्रकार के करों को हटाना, जियो पारसी योजना, बौद्ध सर्किट का विकास, जैन अध्ययन केंद्र की स्थापना, हज यात्रा की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाने व तीन तलाक जैसी कुप्रथा का अंत जैसे निर्णय लिए गए हैं।अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्कूल, कालेज, छात्रावास, आईटीआई, स्वास्थ्य केंद्र और कौशल विकास संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा नए वक्फ कानूनों में सुधार के माध्यम से वक़्फ़ संपत्तियों को पारदर्शी बनाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं, ताकि इन संपत्तियों का लाभ समाज के गरीब, जरूरतमंद और पिछड़े वर्गों तक पहुंच सके।उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक क्षेत्रों में मांग के अनुरूप आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास को गति देने के लिए अल्पसंख्यक विकास निधि की स्थापना भी की गई है। प्रतिवर्ष चार करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री हुनर योजना के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। स्वरोजगार के लिए 25 प्रतिशत सब्सिडी के साथ दस लाख रुपये तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। मौलाना आज़ाद एजुकेशन ऋण योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक वर्ग के गरीब छात्र-छात्राओं को पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त शिक्षा ऋण भी दिया जा रहा है। पिछले चार वर्षों में 169 लाभार्थियों को चार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी धर्मों की स्वायत्तता की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून भी लागू किया है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए मुख्यमंत्री को सम्मानित भी किया गया। बड़ी संख्या में आई मुस्लिम महिलाओं ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी एक भाई के रूप में प्रदेश और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कार्य कर रहे हैं।

# अब दक्षिणा पर प्रहार की बारी, बांकेबिहारी मंदिर में चढ़ावा-रेलिंग व्यवस्था होने पर Dakshina की होगी नई व्यवस्था



**वृंदावन, 19 दिसम्बर [एजेंसी]।**

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में प्रसाद चढ़ाने वाले भोग भंडारी के प्रवेश पर रोक को लेकर हुआ हंगामा आम नहीं है। इसके पीछे खास वजह है। इस आदेश से उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति ने भंडारियों की गलत प्रवृत्ति पर चोट की थी। भंडारी श्रद्धालु से प्रसाद के साथ दी जाने वाली दक्षिणा को दानपात्र में न डालकर अपने पास रख लेते हैं।हंगामे के दबाव में अभी इस व्यवस्था को वापस ले लिया गया है। मगर, मंदिर में रेलिंग व्यवस्था शुरू होने के बाद माला प्रसाद अर्पित करने की वैकल्पिक व्यवस्था लागू होना निश्चित माना जा रहा है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से स्थिति बिगड़ रही है। बुधवार को समिति ने व्यवस्था बनाने के लिए सेवायतों की सहायता के लिए तैनात भोग भंडारी हटा दिए।ये भोग भंडारी श्रद्धालुओं से प्रसाद लेकर ठाकुर जी को अर्पित करते हैं।

श्रद्धालुओं से जो दक्षिणा आती है, उसे रख लेते हैं। प्रबंधन समिति ने इसी व्यवस्था को लेकर भोग भंडारी हटा दिए। श्रद्धालु फूल-माला अर्पित नहीं कर पाए, लेकिन दक्षिणा भोग भंडारी न होने पर मंदिर के दानपात्र में डालते रहे। सेवायतों ने भंडारी हटाने पर हंगामा किया और करीब तीन घंटे बाद फिर से भंडारी को तैनात किया गया। समिति के सदस्य सेवायत दिनेश गोस्वामी कहते हैं कि सेवायत माला प्रसाद श्रद्धालुओं को लौटाकर साथ मिलने वाली दानराशि को अपने पास रख लेते है। उस दानराशि पर मंदिर प्रबंधन का अधिकार है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं के माला प्रसाद अर्पित करने के साथ मिलने वाली दानराशि के कारण मंदिर प्रांगण में सेवायतों की भीड़ रहती है और श्रद्धालुओं का ठहराव होने से व्यवस्था बिगड़ती है। इसीलिए समिति ने भंडारी हटाए थे, लेकिन इसकी वैकल्पिक व्यवस्था जल्द की जाएगी।



# प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत है पीनट बटर इन तरीकों से करें नाश्ते में शामिल

*पीनट बटर को प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत माना जाता है। यह न केवल स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम, फाइबर और विटामिन-ई जैसे पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि इसे नाश्ते में शामिल करने के लिए पांच आसान तरीके क्या हैं? अगर नहीं तो चलिए फिर जानते हैं कि नाश्ते में पीनट बटर को शामिल करने के लिए किन-किन तरीकों को आजमाया जा सकता है।*

*पीनट बटर और केले का स्मूदी का लें सेवन- पीनट बटर और केले का स्मूदी एक पौष्टिक और स्वादिष्ट विकल्प है। इसे बनाने के लिए एक मिक्सर में एक केला, दो चम्मच पीनट बटर, एक कप दूध और कुछ बर्फ के टुकड़े डालकर मिलाएं। यह स्मूदी न केवल आपके पेट को भरता है, बल्कि आपको ऊर्जा भी देती है। इसे नाश्ते के रूप में पीने से आप दिनभर तरोताजा महसूस करेंगे और आपको लंबे समय तक भूख भी नहीं लगेगी। पीनट बटर वाला ओटमील खाएं- ओटमील में फाइबर और पोषक तत्व होते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसे बनाने के लिए एक पैन में ओट्स और पानी या दूध को पकाएं जब तक कि वे नरम न हो जाएं, फिर इसमें दो चम्मच पीनट बटर मिलाएं। ऊपर से कटे हुए फल जैसे केले या सेब डालें और थोड़ी शहद डालें। यह नाश्ता आपको ऊर्जा देगा और पेट को भरकर लंबे समय तक संतुष्ट रखेगा।*

*पीनट बटर वाला टोस्ट खाएं*

*पीनट बटर वाला टोस्ट एक आसान और जल्दी बनने वाला नाश्ता है। इसके लिए ब्राउन ब्रेड के टुकड़े लें और उन पर पीनट बटर लगाएं। आप चाहें तो इसके ऊपर केले या सेब के टुकड़े भी डाल सकते हैं। यह नाश्ता न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि पोषक तत्वों से भरपूर भी है। इसे खाने से आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगेगी और दिनभर तरोताजा महसूस करेंगे। यह नाश्ता ऊर्जा देने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। पीनट बटर और जैम सैंडविच बनाएं पीनट बटर और जैम सैंडविच एक पारंपरिक अमेरिकी नाश्ता है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आता है। इसके लिए दो ब्रेड के टुकड़ों पर समान मात्रा में पीनट बटर और जैम लगाएं, फिर इन्हें हल्का सा सेक लें ताकि दोनों तरफ से हल्का सुनहरा रंग आ जाए। यह सैंडविच स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पोषक तत्वों से भरपूर भी है। इसे खाने से आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और आपको ऊर्जा मिलेगी।*

*पीनट बटर केक बनाएं*

*अगर आप मीठा खाने के शौकीन हैं तो पीनट बटर केक आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले मैदा, चीनी, अंडे, दूध और मक्खन को मिलाकर मिश्रण तैयार करें, फिर इसमें पीनट बटर मिलाएं। इस मिश्रण को केक के बर्तन में डालकर पहले से गरम ओवन में पकाएं। यह केक नाश्ते के साथ-साथ किसी भी खास मौके पर परोसा जा सकता है।*

## रजनीकांत की जेलर 2 में एक और अभिनेत्री शामिल, डांस नंबर में दिखेंगी



सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर ने 2023 में रिलीज होकर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। अब निर्माता इस फिल्म का सीक्वल जेलर 2 लाने जा रहे हैं, जिसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पहले जानकारी आई थी कि सीक्वल में रजनीकांत के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन नजर आएंगी। इस खबर से लोग अभी फूले नहीं समाए थे, कि अब और बॉलीवुड अभिनेत्री का नाम जेलर 2 के साथ में जुड़ गया है।

के मुताबिक, एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया है कि नोरा फतेही को जेलर 2 में एक डांस नंबर के लिए शामिल किया गया है। सूत्र ने आगे बताया कि नोरा 8 दिनों से चेन्नई में हैं, जहां वह एक आउटडोर हाई-एनर्जी डांस नंबर की शूटिंग कर रही हैं। इसमें उनके साथ रजनीकांत भी होंगे जिसे साउथ स्टाइल का जोशीला गाना बताया जा रहा है। इस गाने को अनिरुद्ध रविचंद्र ने कंपोज किया है। 2023 में रिलीज जेलर का गाना कावाला खूब लोकप्रिय हुआ था। इस गाने में तमन्ना भाटिया ने डांस किया था। अब देखना दिलचस्प होगा कि नोरा सीक्वल में अपने डांस नंबर से दर्शकों का दिल जीत पाती हैं, या नहीं। फिलहाल निर्माताओं ने जेलर 2 की रिलीज तारीख 14 अगस्त, 2026 रखी है। ऐसा इसलिए क्योंकि उस वक्त लंबी छुट्टियां होंगी जिसका फायदा फिल्म को होने की पूरी उम्मीद है। फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीपकुमार ने किया है।

## अभिनेत्री श्रीलीला ने एआई के दुरुपयोग पर जताई नाराजगी, सोशल मीडिया यूजर्स से की अपील



सोशल मीडिया पर एआई का चलन काफी तेजी से बढ़ रहा है। एक तरफ यह तकनीक जीवन को आसान बना रही है, तो दूसरी ओर इसके गलत इस्तेमाल से कई लोगों की छवि को भी नुकसान पहुंचाया गया है। इसकी चपेट में मनोरंजन जगत के सितारे भी पीछे नहीं हैं। डीप फेक कंटेंट से परेशान कई सेलेब्स ने इसको लेकर आवाजें भी उठाई हैं। इसी कड़ी में साउथ सिनेमा की अभिनेत्री श्रीलाला ने नाराजगी जताते हुए इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया। इसमें उन्होंने सभी से निवेदन किया कि बढ़ते एआई फेक वीडियो या किसी भी प्रकार के कंटेंट का समर्थन न करें। उन्होंने लिखा, मैं हाथ जोड़कर सभी से निवेदन करती हूं कि कृपया एआई द्वारा बनाई गई गलत और फेक चीजों का समर्थन न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल और उसका दुरुपयोग करने में जमीन-आसमान का फर्क है। मेरी नजर में टेक्नोलॉजी का उद्देश्य जिंदगी को आसान बनाना है, न कि उसे और भी ज्यादा मुश्किल करना।


उन्होंने आगे लिखा कि दुनिया की हर लड़की किसी की बेटी, बहन, पोती या दोस्त होती है, भले ही वह फिल्म इंडस्ट्री में काम क्यों न कर रही हो। हम सब एक ऐसे माहौल में काम करना चाहते हैं, जहां पर खुशी फैले और हर कोई सुरक्षित महसूस करे।

श्रीलीला ने खुलासा किया कि व्यस्त शेड्यूल की वजह से उन्हें सोशल मीडिया पर चल रही बातों की जानकारी देर से प्राप्त हुई। इसी के साथ अभिनेत्री ने अपने फैंस और शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने उन्हें अलर्ट किया।

अभिनेत्री ने लिखा, मैं हमेशा बातों को हल्के में लेकर अपनी दुनिया में मस्त रहती आई हूं, लेकिन यह सब बहुत परेशान करने वाला और दुखद है। मैं देख रही हूं कि मेरे कई सहकलाकार भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। मैं सभी की तरफ से यह बात रख रही हूं।

अभिनेत्री ने आखिरी में लिखा, सम्मान और गरिमा के साथ, मैं अपने फैंस पर भरोसा रखते हुए, सभी से निवेदन करती हूं कि कृपया हमारा साथ दें।

## अक्षय कुमार और अनीस बज्मी की बन गई जोड़ी, 15 साल बाद बनाएंगे ऐसी फिल्म



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और निर्देशक अनीस बज्मी की साझेदारी की चर्चा कई दिनों से है। दोनों ने साथ मिलकर सिंह इज किंग, थैंक यू और वेलकम जैसी कई सुपरहिट फिल्में दर्शकों को दी हैं। यह जोड़ी 15 साल के बाद दोबारा साथ काम करने वाली है, जिसकी पुष्टि किसी और ने नहीं, बल्कि अनीस ने खुद कर दी है। एक बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि अगर सबकुछ योजना के मुताबिक रहा, तो जल्द ही शूटिंग शुरू की जाएगी। निर्देशक अनीस ने कहा, यह एक कॉमेडी फिल्म है। मैं अभी स्क्रिप्ट लिख रहा हूं, करीब पूरी हो चुकी है। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो हम जल्द ही शूटिंग शुरू कर देंगे। काफी समय से चर्चा है कि अक्षय और अनीस मिलकर तेलुगु एक्शन कॉमेडी संक्रांतिकी वास्तुनम के रीमेक पर काम कर रहे हैं। जब अनीस से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कोई जानकारी साझा नहीं की। अनीस ने अक्षय के साथ लंबे समय से चले आ रहे अपने संबंधों पर कहा, हमारे बीच आपसी प्रेम और सम्मान है। जब मैंने उन्हें इस फिल्म के बारे में बताया, तो वे बहुत खुश हुए। फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू हो सकती है। दोनों ने आखिरी फिल्म 2011 में थैंक यू की थी। काम की बात करें, तो अक्षय आने वाले दिनों में वेलकम टू द जंगल, भूत बंगला, हेरा फेरी और हैवान जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

## बॉक्स ऑफिसः धुरंधर ने तोड़ा आमिर खान का 6 साल पुराना रिकॉर्ड

अभिनेता रणवीर सिंह की हालिया रिलीज फिल्म धुरंधर दिसंबर, 2025 में एक जश्न के तौर पर देखी जा रही है। फिल्म इस कदर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाएगी, यह शायद रणवीर ने खुद भी सोचा नहीं होगा। कारोबारी दिनों पर ताबड़तोड़ कमाई करते हुए धुरंधर ने आमिर खान का 6 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। 5 दिसंबर को रिलीज इस फिल्म की रफ्तार बिल्कुल भी फीकी नहीं पड़ी है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर ने रिलीज के 12वें दिन 30 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह मंगलवार की आधी रात तक फिल्म का कुल कलेक्शन 411.25 करोड़ रुपये हो गया। इसके साथ ही, धुरंधर एकमात्र हिंदी फिल्म बन गई है जिसने दूसरे हफ्ते में 400 रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन करने वाली धुरंधर 7वीं बॉलीवुड फिल्म बन गई है।

## क्रिसमस पार्टी को यादगार बनाने के लिए अपनाएं ये आसान और प्रभावी तरीके



क्रिसमस का त्योहार हर जगह धूमधाम से मनाया जाता है। इस मौके पर कई लोग पार्टी का आयोजन करते हैं। अगर आप भी इस साल क्रिसमस पार्टी का आयोजन करने जा रहे हैं तो आपके लिए इसे सही तरीके से आयोजित करना जरूरी है ताकि आपके मेहमानों को मजा आए और उन्हें एक यादगार अनुभव मिले। आइए आज हम आपको क्रिसमस पार्टी को यादगार बनाने के तरीके बताते हैं।

क्रिसमस पार्टी के लिए सही जगह चुनें-क्रिसमस पार्टी के लिए जगह का चुनाव करना सबसे पहले जरूरी है। अगर आपका घर छोटा है तो ऐसे में पार्टी के लिए अपने घर को चुनने की बजाय किसी होटल या हॉल को चुनें। हालांकि, अगर आपका घर बड़ा है तो आप अपने घर को ही पार्टी के लिए चुन सकते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो पार्टी के लिए किसी पार्क को भी चुन सकते हैं। इससे आपके मेहमानों को खुला वातावरण मिलेगा। थीम का रखें ध्यान-क्रिसमस पार्टी के लिए थीम का होना भी जरूरी है। इससे आपको पार्टी के लिए सजावट करने और अन्य चीजें व्यवस्थित करने में काफी आसानी होगी। आप इंटरनेट की मदद से कई थीम्स देख सकते हैं और इसके अनुसार पार्टी के लिए सजावट और अन्य चीजें तैयार कर सकते हैं। आप चाहें तो पार्टी के लिए सांता क्लॉज या फिर स्नोमैन थीम चुन सकते हैं। इससे आपकी पार्टी में एक खास रंगत आएगी। पार्टी के लिए तैयार करें मेहमानों की सूची- किसी भी पार्टी के लिए मेहमानों की सूची बनाना बहुत जरूरी है। अगर आप क्रिसमस पार्टी का आयोजन कर रहे हैं तो पहले तय करें कि आपको कितने लोगों को बुलाना है और फिर इसके अनुसार मेहमानों की सूची बनाएं। इसके बाद आप अपने मेहमानों को पार्टी के बारे में समय रहते सूचित करें ताकि वे आपके आमंत्रण को स्वीकार करने के लिए समय निकाल सकें। आप चाहें तो अपने मेहमानों को निमंत्रण संदेश के जरिए भेज सकते हैं। क्रिसमस पार्टी के लिए चुनें सही कपड़े- क्रिसमस पार्टी के लिए सही कपड़े चुनना भी जरूरी है। इसके लिए आप अपने कपड़ों में लाल और हरे रंग का मेल कर सकते हैं क्योंकि क्रिसमस पर ये रंग सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं। अगर आप चाहें तो इन रंगों की ड्रेस के साथ सांता क्लॉज की टोपी या फिर स्नोमैन की टोपी पहन सकते हैं। आप चाहें तो इन रंगों की ड्रेस के साथ गहनों का भी चयन कर सकते हैं। खाने-पीने को बनाएं पार्टी का मुख्य आकर्षण- किसी भी पार्टी में खाने-पीने का होना बहुत जरूरी है। अगर आप क्रिसमस पार्टी का आयोजन कर रहे हैं तो इसके लिए अपने खाने-पीने की चीजों में थोड़ा बदलाव करें। पार्टी के लिए आप गाजर का हलवा, शाही टुकड़ा, गुलाब जामुन, पनीर टिक्का, स्प्रिंग रोल्स, पिज्जा, पास्ता, चॉकलेट मूस और पैनकेक जैसे व्यंजन बना सकते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो अलग-अलग पेय भी परोस सकते हैं। इससे आपकी पार्टी में एक नया और मजेदार अनुभव मिलेगा।

## शब्द सामर्थ्य - 262

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. मृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, [illegible] 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 261 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |



## जॉन अब्राहम ने जब 2 नए-नवेले चेहरों पर खेला दांव, बॉक्स ऑफिस पर मच गया धमाल

बॉलीवुड में अक्सर बड़े सितारों पर ही भरोसा किया जाता है, लेकिन अभिनेता जॉन अब्राहम ने बतौर निर्माता एक ऐसा दांव खेला था, जिसने इंडस्ट्री की सोच बदल दी। बिना किसी बड़े स्टार के बनी उनकी एक फिल्म ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर कमाल किया, बल्कि बॉलीवुड में आए 2 बिल्कुल नए चेहरों को रातों-रात स्टार भी बना दिया। जॉन 53 साल के हो गए हैं। आज हम आपको उनकी इसी सफल फिल्म के बारे में बताने वाले हैं।

साल 2012 में फिल्म विक्की डोनर रिलीज हुई थी, जिसने आते ही बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। एक ओर जहां इसकी कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था, वहीं कमाई के मामले में भी इसने कमाल कर दिया था। जॉन ने इस फिल्म के जरिए निर्माता के तौर पर अपनी नई पारी शुरू की थी और इसी फिल्म से आयुष्मान खुराना ने बॉलीवुड में कदम रखा था, वहीं यामी गौतम की भी ये पहली हिंदी फिल्म थी।

आयुष्मान और यामी दोनों ही इस फिल्म से रातों-रात स्टार बन गए थे। फिल्म में एक बेहद संजीदा विषय को बड़ी खूबसूरती के साथ, साफ-सुथरे तरीके से और संजीदगी के साथ पर्दे पर परोसा गया, जो दर्शकों को खूब पसंद भी आया। यही वजह रही कि सिर्फ 4 करोड़ रुपये के बजट में बनकर तैयार हुई इस फिल्म ने 68 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली थी। इस फिल्म में आयुष्मान ने एक स्पर्म डोनर की भूमिका निभाई थी।

जॉन ने एक अभिनेता के तौर पर ही नहीं, बल्कि निर्माता के रूप में भी बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी जेए एंटरटेनमेंट के बैनर तले कई ऐसी फिल्में बनाईं, जो कंटेंट के मामले में हटकर रहीं। विक्की डोनर के बाद जॉन ने मद्रास कैफे जैसी गंभीर राजनीतिक थ्रिलर बनाई, जिसे दर्शकों से हरी झंडी मिली, वहीं उनकी परमाणु- द स्टोरी ऑफ पोखरण और द डिप्लोमैट जैसी फिल्मों ने समीक्षकों से भी खूब वाहवाही लूटी।

जॉन को जल्द ही निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म में देखा जाएगा, जिसमें वो मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया का किरदार निभाने वाले हैं। इसमें जॉन के साथ तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। वो राकेश मारिया की पत्नी प्रीति मारिया की भूमिका निभा रही हैं। उधर जॉन फिल्म फोर्स 3 भी लेकर आ रहे हैं। पान सिंह तोमर से लेकर दृश्यम और खाकी- द बिहार चैप्टर जैसी फिल्मों के सहायक निर्देशक रह चुके भाव धूलिया इस फिल्म के निर्देशक हैं।

## एवेंजर्स डूम्सडे का टीजर रिलीज से पहले हुआ लीक, निर्माताओं की मेहनत पर फिरा पानी

मार्वल की पॉपुलर फ्रैंचाइजी की अगली किस्त एवेंजर्स डूम्सडे का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। निर्माताओं ने फिल्म के टीजर रिलीज के लिए शानदार योजना बनाई थी, लेकिन दुर्भाग्य से उस पर पानी फिर गया। दरअसल, 19 दिसंबर को रिलीज हो रही अवतार- फायर एंड एश के साथ में, एवेंजर्स डूम्सडे का टीजर आना था। इससे पहले ही टीजर के 4 में से 3 क्लिप ऑनलाइन सोशल मीडिया पर लीक हो गए हैं। के मुताबिक, निर्माता एवेंजर्स डूम्सडे के 4 टीजर को 19 दिसंबर से एक हफ्ते तक सिनेमाघरों में दिखाने वाले थे। रिकॉर्ड किए गए इन 4 टीजरों में से 3 सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। लीक हुए क्लिप ने मार्वल प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर दीवाना बना दिया है। बताया जाता है कि स्टूडियो ने कथित तौर पर एंटी-पायरेसी चेतावनी के साथ आए क्लिप को हटाने की कोशिश की, लेकिन ऐसा हो न सका। रिपोर्ट के मुताबिक, टीजर में क्रिस इवांस एक बार फिर स्टीव रोजर्स के किरदार में नजर आए हैं, जिससे कैप्टन अमेरिका की वापसी का संकेत मिलता है। हालांकि, मार्वल ने अभी तक पुष्टि नहीं की है और अभिनेता ने फिल्म का हिस्सा बनने से हर बार मना किया है। क्लिप में अभिनेता को गुप्त सूट उतारकर एक पिता के रूप में तैयार होते हुए देखा जा सकता है। एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# एनएच 43 में हादसा, एक युवक गंभीर

**कोरिया बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर आनी ग्राम के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिससे घायल युवक सड़क किनारे बेसहारा पड़ा रहा।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद करीब आधे घंटे तक युवक घायल अवस्था में मदद की आस में तड़पता रहा, लेकिन उस दौरान कोई भी तत्काल सहायता उपलब्ध नहीं हो सकी। राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे व्यस्त मार्ग पर इस तरह समय पर मदद न मिल पाना कई सवाल खड़े करता है। यदि घायल को समय रहते उपचार न मिले, तो उसकी जान पर भी बन आ सकती है। इसी बीच संयोगवश वहां से गुजर रहे स्थानीय पत्रकार निलेश तिवारी ने मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बिना देर किए अपने निजी साधन से घायल युवक को जिला अस्पताल बैकुंठपुर पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा युवक का प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद उसे निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, लेकिन उस पर लगातार नजर रखी जा रही है। फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के थानों को सूचना दे दी गई है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर वाहन की तलाश की जा रही है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को घायल युवक के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत जिला अस्पताल या पुलिस को सूचित करें। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सड़क हादसों में समय पर मदद कितना महत्वपूर्ण होती है। वहीं, पत्रकार निलेश तिवारी द्वारा दिखाई गई तत्परता और इंसानियत की मिसाल की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

## पीएम सूर्यघर योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सूरजपुर।** प्रतापपुर जनपद में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त ग्राम सचिवों एवं ग्रामीणजनों के मध्य पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा योजना की विशेषताओं, लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को देशभर में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सौर ऊर्जा से जोड़ते हुए बिजली बिल में राहत प्रदान करना एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों से योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की गई।

# जिपं अध्यक्ष मोहित के ज्ञापन के मामले में कलेक्टर त्रिपाठी ने लिया संज्ञान, चर्चा भी की

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा द्वारा विभिन्न मसलों को लेकर दिए गए ज्ञापन पर प्रशासन ने संज्ञान लिया है। कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने बताया कि संबंधित बिन्दुओं पर सकारात्मक चर्चा भी की गई। इस बारे में कुछ प्लेटफार्म पर जो चीजें कही जा रही है उनका वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं है।



वास्तविकता यह है कि कलेक्टर कोरिया द्वारा सदैव जनप्रतिनिधियों का यथोचित सम्मान किया जाता रहा है। यह बात जिले के अनेक जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से पुष्टि कर सहज ही जानी जा सकती है। मोहित पैकरा अध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया द्वारा कार्यालय समय समाप्त होने के काफी देर बाद ज्ञापन देने हेतु कलेक्टर कोरिया से मिलने का अनुरोध किया गया था। सूचना मिलते ही कलेक्टर कोरिया ने तत्परता दिखाते हुए जनप्रतिनिधि को बुलवाया और ससम्मान ज्ञापन स्वीकार किया। जिस फोटो को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, वह ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया के प्रारंभिक क्षण की है। फोटो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि कलेक्टर उठने को तत्पर थीं, लेकिन उसी क्षण फोटो खींच ली गई। इसके तुरंत बाद कलेक्टर खड़ी हुईं और ज्ञापन लेने के पश्चात काफी देर तक सकारात्मक एवं गंभीर चर्चा हुई। इस दौरान जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया और आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन भी दिया गया। व्यक्तिगत प्रोफाइल पर जनहित के मुद्दों को उठाने के उद्देश्य से किए गए पोस्ट का विश्लेषण करना और उस पर तथ्यात्मक लेखन करना व्यापक जनहित में है। किंतु किसी बैठक की शुरुआत में ली गई एक तस्वीर के आधार पर अधिकारियों की छवि धूमिल करने का प्रयास करना न केवल अनुचित है, बल्कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय की भावना को भी नुकसान पहुंचाता है। अतः आमजन से अपील है कि वे किसी भी फोटो या सूचना को बिना तथ्य जांचे साझा न करें और भ्रामक प्रचार से बचें।

# स्वावलंबन अंतर्गत एक दिवसीय उद्यमिता विकास शिविर विश्रामपुर में संपन्न

**सूरजपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सूरजपुर द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएईजीपी) अंतर्गत आवष्यक मार्गदर्षन देने हेतु स्वावलंबन अंतर्गत एक दिवसीय उद्यमिता विकास षिविर का शासकीय कालीदास महाविद्यालय, प्रतापपुर में आयोजन किया गया है । ऐसे हितग्राही जो बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्त कर स्वयं का उद्यम स्थापित करना चाहते हैं, वे नवीन प्रकरण तैयार करने एवं शासन द्वारा दी जाने वाली अनुदान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सूरजपुर के महाप्रबंधक श्रीमती तरषिला तिग्गा ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत हॉलर मिल, मिनी राईस मिल, कोदो मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन मिक्चर निर्माण, पापड़ निर्माण, बेकरी, टमाटर सॉस, चिप्स निर्माण, पापड़ निर्माण, रेवड़ी, ब्रेड, मिठाई, रेडी टू ईट निर्माण जैसे सभी तरह के खाने की वस्तुएं बनाने वाले उद्यमी इस योजना का लाभ ले सकते हैं । प्रधानमंत्री रोजगार योजना अंतर्गत स्टील फर्नीचर निर्माण, फैंसी बैग निर्माण, गे-ग्रील निर्माण, शटर निर्माण, कूलर निर्माण, स्टील अलमारी निर्माण, कृषि यंत्र निर्माण, हर्बल पावडर, सीमेंट पाईप निर्माण आदि । इसी तरह मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत निर्माण इकाई के साथ-साथ सेवा इकाई-इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग, सेलून, ब्यूटी पार्लर, व्हाईस सेंटर मोटर सायकल रिपेयरिंग टेंट हाउस तथा व्यवसाय इकाई अंतर्गत कृषि केन्द्र, मेडिकल स्टोर, फुटवियर, स्टेषनरी, मनिहारी आदि के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी का जिला शाखा कार्यालय प्रारंभ

**सूरजपुर।** जिला मुख्यालय में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के जिला शाखा कार्यालय का विधिवत पूजन कार्यक्रम आयोजित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूजा-अर्चना के पश्चात कार्यालय में प्रवेश एवं कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि कार्यालय स्थापना का मूल उद्देश्य मानव, जन एवं समाज सेवा है। रेडक्रॉस का यह जिला शाखा कार्यालय जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा और हर संभव मदद तत्काल पहुंचाने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी सूरजपुर के वाइस चेयरमैन ओंकार पाण्डेय ने बताया कि रेड क्रॉस कार्यालय की स्थापना से रेड क्रॉस के आधारभूत कार्यों के क्रियान्वयन में गति आयेगी। सोसाइटी के मूल मंत्र का पालन करते हुए जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता व मदद की जायेगी। कार्यालय पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य लोकेश पैकरा, मुरली मनोहर सोनी, राजेश महलवाला, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार बंधु व गणमान्य नागरिक, उपस्थित रहे।

### भाजपा मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों के नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष

# जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन के विचारों को अंतिम छोर तक पहुंचाएंगे:तिवारी

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के सहमति से युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों द्वारा प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई।



भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कर कहा कि, सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति से संगठनात्मक कार्य जिला, मंडल, शक्ति केन्द्र व बूथ स्तर पर मजबूत होगा। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन के विचारों को अंतिम छोर तक पहुंचाएंगे, जिससे सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारी - जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, जिला महामंत्री मनोज साहू, सुश्री साक्षी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रखर गुप्ता को बनाया गया है। भाजपा महिला मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारी - जिलाध्यक्ष रीता यादव, प्रदेश कार्यसमित सदस्य नविता शिवहरे, रमावती राजवाड़े, धर्मवती राजवाड़े, विशेष आंमत्रित सदस्य वंदना राजवाड़े को बनाया गया है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारी - जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष शिवहरे, लक्ष्मण राजवाड़े को बनाया गया है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारी - जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा, जिला महामंत्री राय सिंह को बनाया गया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारी - जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज सोनवानी, महेन्द्र कुर्रे को बनाया गया है। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारी - जिलाध्यक्ष अशरफ खान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरशद खान, परमजीत कौर को बनाया गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ग्रामों में आयोजित हुई आवास चौपाल

**सूरजपुर।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत करवा, जनपद पंचायत सूरजपुर एवं ग्राम बत्रा, जनपद पंचायत भैयाथान में आवास चौपाल का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृत आवासों के अनुसार आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। आवास चौपाल के माध्यम से हितग्राहियों को योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई तथा निर्माण प्रक्रिया, भुगतान की किस्तों एवं समयबद्ध निर्माण को लेकर मार्गदर्शन किया गया। जिला प्रशासन ने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कर योजना का लाभ उठाएं।

## दिव्यांगजनों को मिला सहारा ट्रायसिकल व श्रवण यंत्र किये वितरित

**सूरजपुर।** रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर आज समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान की गई। इस दौरान किसन उम्र 27 वर्ष, 45 प्रतिशत अस्थि बाधित को ट्रायसिकल तथा विक्की कुमार यादव उम्र 21 वर्ष, 50 प्रतिशत श्रवण बाधित, निवासी ग्राम बृजनगर, लटोरी को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। दोनों हितग्राहियों द्वारा समाज कल्याण विभाग से आवश्यक उपकरणों की मांग की गई थी। आवेदन का परीक्षण कर पात्रता अनुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित उपकरणों का वितरण किया गया। इस पहल से दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन में सुविधा मिलेगी और वे आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ सकेंगे।

# शासकीय कन्या शाला का 7 दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 17 दिसंबर 2025 को ग्राम खोडरी में प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत खोडरी की सरपंच श्रीमती कन्याकुमारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मजीत सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर प्रवीण कुमार साहू उपस्थित रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता ने किया। यह सात दिवसीय विशेष शिविर संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के मार्गदर्शन एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शाहिस्ता अंजुम अली के दिशा निर्देश में सहयोगी श्रीमती अनुराधा सोनपाकर, एन के दिवाकर एवं विपिन कुमार मिश्रा की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के अगली कड़ी में अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर छात्राओं के द्वारा लक्ष्य गीत का गायन किया गया। तत्पश्चात एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शाहिस्ता अंजुम अली के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के कार्य योजना को विस्तृत रूप से रखा गया, उन्होंने बताया कि इन 7 दिनों में छात्राओं को प्रतिदिन कैसे अपने दिनचर्या को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करना है।



उन्होंने आगे बताया कि यह सात दिवसीय विशेष शिविर इस वर्ष नशा मुक्त भारत के लिए युवा थीम पर कार्य करेगी। मुख्य अतिथि श्रीमती कन्याकुमारी ने कहा कि इन छात्राओं की उपस्थिति से हमारे ग्राम पंचायत में 7 दिनों तक एक उत्सव का माहौल बना रहेगा एवं इनके द्वारा ग्राम पंचायत के सभी वार्डों में जाकर नशा से होने वाली विभिन्न समस्याओं के बारे में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हमें बड़ी प्रसन्नता है कि आपने इस आयोजन के लिए हमारे ग्राम पंचायत को चुना है। धर्मजीत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये छात्राएं सात दिनों तक हमारे गांव के मेहमान हैं हम पूरा सहयोग करेंगे। इनको किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने देंगे। साथ ही श्री प्रवीण कुमार साहू ने भी भरपूर सहयोग करने की बात कहीं। ग्राम पंचायत के सचिव श्रीमती प्रतीक्षा तिवारी ने भी छात्राओं के आवास की पूरी व्यवस्था की। शिविर में उपस्थित भूतपूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुराधा सोनपाकर, एन के दिवाकर एवं विपिन कुमार मिश्रा ने भी बारी-बारी से अपने उद्बोधन में कहा कि यह शिविर दिनांक 16 दिसंबर 2025 से लेकर 23 दिसंबर 2025 तक संपन्न होगा, इस बीच छात्राओं के द्वारा स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं साक्षरता अभियान जैसे विभिन्न प्रकार की गतिविधिया कराई जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है ऐसे शिविर विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं से परिचित कराते हैं। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शाहिस्ता अंजुम अली के द्वारा किया गया।

## महाविद्यालय में मद्यपान निषेध दिवस के अवसर पर किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सूरजपुर।** समाज कल्याण विभाग सूरजपुर के अंतर्गत शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सूरजपुर में मद्यपान निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक गण, अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को मद्यपान से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मद्यपान से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए इसे त्यागने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शपथ कार्यक्रम के माध्यम से सभी उपस्थित जनों ने स्वयं नशा न करने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## अग्निवीर भर्ती रैली के लिए प्रवेश पत्र जारी

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समैन (दसवीं व आठवीं) का भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उत्तर्ण उम्मीदवार शारीरीक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जेआईए वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in और उनके ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी दस्तावेज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है।

# नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा कार्यालय का घेराव, सुरक्षा तगड़ी होने से रूके कार्यकर्ता




**कोरिया बैकुंठपुर।** नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज एफआईआर को अदालत द्वारा रद्द किए जाने को 'सत्य की जीत' बताते हुए कांग्रेस पार्टी ने बैकुंठपुर में भाजपा कार्यालय का घेराव किया।राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय से रैली के रूप में निकले कांग्रेसजनों ने भारी संख्या में सहभागिता करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि नेशनल हेराल्ड प्रकरण पूरी तरह से मोदी-शाह और भाजपा की राजनीतिक साजिश थी, जिसका उद्देश्य विपक्षी नेताओं को बदनाम करना और लोकतांत्रिक आवाज़ को दबाना था। अदालत के फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि सत्य और संविधान की जीत हुई है। इस दौरान पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, महामंत्री बृजवासी तिवारी वरिष्ठ मुख्तार अहमद, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, राजीव गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, हेमसागर यादव बिहारी राजवाड़े धीरज सिंह, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, विकाश श्रीवास्तव, अनिल जायसवाल, भूपेंद्र यादव, रामकृष साहू, अविनाश पाठक, लालमन राजवाड़े, दिल बंधु यादव एवं अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# ऋण प्रकरणों के शीघ्र निपटान और सीएसआर गतिविधियों पर रहेगी निगरानी

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 17 दिसम्बर को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने की। बैठक में जिले के सभी बैंकों, नाबार्ड, कृषि, उद्यानिकी, उद्योग, ग्रामीण व शहरी आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में जिला के ऋण जमा अनुपात 36.53% पर असंतोष व्यक्त किया एवं सभी बैंकों को मानक स्तर 40% तक मार्च 26 से पहले किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों मे लक्ष्य 40 से बढ़कर 47.37%, कृषि ऋण के क्षेत्रों मे लक्ष्य 18% से बढ़कर 19.65%, कमजोर क्षेत्रों को 12% लक्ष्य से बढ़कर 15.96% कार्य किये जाने पर संतोष व्यक्त किया साथ ही वार्षिक ऋण योजना मे 475 करोड़ के विरुद्ध 211 करोड़ अर्थात 46% उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया गया। बैंको को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं अर्थात प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से सभी योग्य व्यक्तियों को जोड़ने का निर्देश दिया. कलेक्टर द्वारा सभी बैंको को शासन प्रायोजित सभी लंबित ऋण के मामले को अगले 15 दिनों मे निस्तार का निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं सुलभ बनाने के लिए अधिक संख्या में बीसी सखी की नियुक्ति की जाए और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हों। स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था (आरसेटी) के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि जिले में तेजी से चल रहे आवास निर्माण को देखते हुए राजमिस्त्री के प्रशिक्षण सत्रों को प्राथमिकता दी जाए। प्रशिक्षण शिविर मैदानी स्तर पर आयोजित कर जल्द से जल्द युवाओं को कुशल श्रमिक के रूप में तैयार किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक, नाबार्ड प्रतिनिधि सहित जिले के सभी बैंक अधिकारियों और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## जिला परिवहन विभाग का अलर्ट, वाहन चालकों से सतर्कता बरतने की अपील

**सूरजपुर।** उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में घने कोहरे के कारण हुए भीषण सड़क हादसों को दृष्टिगत रखते हुए जिला परिवहन विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। हाल के दिनों में यमुना एक्सप्रेसवे, लखनऊ - आगरा एक्सप्रेसवे एवं दिल्लीदूमेरठ एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते कई वाहन आपस में भिड़ गए, जिनमें कई लोगों की जान चली गई और अनेक लोग घायल हुए हैं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिले के समस्त यात्री बस संचालकों एवं कमर्शियल वाहन चालकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। जिला परिवहन विभाग ने कहा है कि घने कोहरे में वाहन चलाना अत्यंत खतरनाक स्थिति होती है, जो आंखों पर पट्टी बांधकर वाहन चलाने जैसा है। ऐसे में वाहन की गति नियंत्रित रखना और सुरक्षा नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। परिवहन विभाग द्वारा जारी अपील में बताया गया कि कोहरे में वाहन चलाते समय हेडलाइट को हमेशा लो बीम मोड पर रखें, क्योंकि हाई बीम कोहरे में सहायक नहीं होती। यदि वाहन में फॉग लैम्प उपलब्ध हैं तो उनका उपयोग अवश्य करें। कोहरे में न केवल देख पाना, बल्कि दूसरे वाहन चालकों को दिखाई देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जिला परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से निम्न सावधानियां अपनाने की अपील की है कोहरे में हमेशा धीमी गति से वाहन चलाएं, हेडलाइट चालू रखें और उसे लो बीम मोड पर रखें, फॉग लैम्प एवं पार्किंग लाइट चालू रखें ताकि वाहन दूर से दिखाई दे, डिफॉस्टर एवं विंडस्क्रीन वाइपर का उपयोग करें, वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें, लेन अनुशासन का पालन करें और ओवरटेक करने से बचें, यदि वाहन चलाना असंभव प्रतीत हो तो सड़क के किनारे सुरक्षित स्थान पर वाहन रोककर पार्किंग लाइट चालू रखें।

## छह जनपदों में किया गया कार्यशाला आयोजित

**सूरजपुर।** उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गये निर्देशों के परिपालन में जिला सूरजपुर में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र पाटले के मार्गदर्शन में उप-संचालक (पंचायत) एवं जनपद सीईओ द्वारा जिले के सभी छह जनपद पंचायतों में घुमंतू स्वान (आवारा कुत्तों) के कारण बढ़ते रेबीज के खतरे को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एसओपी के पालन पर जोर देते हुए मुख्य उद्देश्य ''घुमंतू स्वान'' (आवारा कुत्तों) के कारण बढ़ते रेबीज के खतरे को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान चिन्हित परिसरों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

# जिला जेल का निरीक्षण किया जिला जज और अधिकारियों ने

**सूरजपुर।** न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और बंदियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती विनीता वार्नर की गरिमामयी अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट जेल विजिटर्स बोर्ड ने आज सूरजपुर जिला जेल का सघन और व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद कैदियों की वर्तमान स्थिति, उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से प्रदान की जा रही सेवाओं का गहन समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान बोर्ड के सदस्यों ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से मुआयना किया। इसमें कैदियों के बैरक, रसोईघर, स्वास्थ्य केन्द्र और अन्य सामान्य उपयोग के क्षेत्रों का विस्तृत अवलोकन शामिल था। अधिकारियों ने कैदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण दल ने जेल में स्वच्छता की स्थिति, भोजन की गुणवत्ता और पोषण मानकों, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता (दवाओं और चिकित्सकों की उपस्थिति सहित), कैदियों के लिए शिक्षा कार्यक्रमों और खेल-कूद जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी गहनता से मूल्यांकन किया। जेल लीगल एड क्लीनिक की कार्यप्रणाली की भी जाँच की गई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कैदियों को कानूनी सलाह आसानी से मिल रही है। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि कैदियों को प्रदान की जाने वाली सभी मौलिक सुविधाएं, जिनमें स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक भोजन एवं नियमित चिकित्सा जांच बिना किसी व्यवधान के सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं निःशुल्क प्रकरण की पैरवी हेतु अधिवक्ता की नियुक्ति के संबंध में बडे रूप में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया।

# बिना एमडी मेडिसिन के आईसीयू जहां ऑपरेशन थिएटर नहीं वहां सर्जन

## एसईसीएल के रीजनल हॉस्पिटल का बुरा हाल

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र का क्षेत्रीय अस्पताल, जो कर्मचारियों और उनके परिजनों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए स्थापित किया गया था, आज प्रशासनिक लापरवाही, गलत तैनाती और जवाबदेही के अभाव का प्रतीक बनता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि अस्पताल में सभी आधुनिक सुविधाएँ मौजूद होने के बावजूद कोल कर्मचारियों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है।

एसईसीएल कोरबा का यह क्षेत्रीय अस्पताल 50 बेड की क्षमता वाला है, जिसमें 5 आईसीयू बेड, 6 केबिन, 18 महिला वार्ड तथा शेष पुरुष वार्ड शामिल हैं। अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर, पैथोलॉजी लैब और एक्स-रे जैसी सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह अस्पताल लगभग 10 हजार मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया था। वास्तविकता इससे बिल्कुल उलट है।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती और ड्यूटी व्यवस्था पर बेहद गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि जहाँ आईसीयू जैसी अति-संवेदनशील इकाई में एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ की अनिवार्य आवश्यकता होती है, वहाँ उनकी नियमित और प्रभावी तैनाती सुनिश्चित नहीं की गई। इसके विपरीत, कुछ डॉक्टर अपनी मनपसंद जगहों पर पदस्थ होकर सुविधाजनक स्थिति में बने हुए हैं, जबकि कोरबा क्षेत्रीय अस्पताल में विशेषज्ञ सेवाओं का अभाव लगातार बना हुआ है। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि सेवा शुल्क और जुगाड़ के जरिए अन्य अस्पतालों में ट्रांसफर रुकवाकर या करवा कर पोस्टिंग हासिल की गई, जहाँ आईसीयू जैसी सुविधा तक मौजूद नहीं है।




### मनमानी का अंतहीन सिलसिला आखिर कब तक?

खबर के अनुसार ड्यूटी के शेष समय में कुछ डॉक्टर जमनीपाली क्षेत्र के निजी अस्पतालों से भी जुड़े हुए हैं, जिससे हितों के टकराव और नियमों के उल्लंघन की आशंका और अधिक गहरी हो जाती है। इसी तरह, जानबूझकर सर्जन की पोस्टिंग ऐसी डिस्पेंसरी में कर दी गई, जहाँ ऑपरेशन थिएटर की कोई व्यवस्था ही नहीं है। इस प्रकार की अव्यवस्थित, नियमविरुद्ध तैनाती से न केवल अस्पताल की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है, बल्कि मरीजों की जान के साथ भी सीधा जोखिम पैदा हो रहा है। समय पर विशेषज्ञ इलाज न मिलने से कर्मचारियों और उनके परिजन निजी अस्पतालों में महंगे इलाज के लिए मजबूर हो रहे हैं।

जिस अस्पताल में आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर और विशेषज्ञ पद स्वीकृत हैं, वहाँ जानबूझकर विशेषज्ञों की अनुपस्थिति सेवा नियमों और चिकित्सा मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है।

यदि किसी मरीज के साथ कोई गंभीर घटना घटती है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी डॉक्टरों की, अस्पताल प्रशासन की या एसईसीएल प्रबंधन की? अब कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की तत्काल और स्थायी तैनाती की जाए, इंसेंटिव केअर यूनिट, ऑपरेशन थिएटर और अन्य विभागों में योग्यता अनुसार ड्यूटी सुनिश्चित की जाए,तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### जुगाड़ से पोस्टिंग करा रहे डॉक्टर, मरीज परेशान

जानकारी मिली कि क्षेत्रीय अस्पताल में पदस्थ कई विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सुविधा के अनुसार जुगाड़ कर अन्य क्षेत्रों में पोस्टिंग लेकर व्यवस्थित जीवन जी रहे हैं, जबकि कोरबा क्षेत्रीय अस्पताल में विशेषज्ञ सेवाओं का लगातार अभाव बना हुआ है। पूरे घटनाक्रम में क्षेत्र के महाप्रबंधक और एरिया मेडिकल ऑफिसर की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि ये अधिकारी एसईसीएल कर्मचारियों की स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति लगातार उदासीन बने हुए हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि मरीजों, कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार इस गंभीर मुद्दे की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक न तो तैनाती व्यवस्था में कोई ठोस सुधार किया गया और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई हुई। इससे यह धारणा मजबूत होती जा रही है कि पूरा मामला जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है।

# परछी में आग ताप रहे युवक पर लोनर ने किया हमला, मौत

### तीन दिन में तीसरी मौत से दहशत

**कोरबा।** जिले में मानव,हाथी संघर्ष ने एक बार फिर तीन घरों की खुशियां छीन लीं। झुंड से बिछड़े लोनर हाथी ने बीते 48 घंटों के भीतर अलग-अलग इलाकों में तीन लोगों की जान ले ली। ताज़ा घटना आज सुबह ग्राम गौरबोरा (बालको क्षेत्र) की है, जहां घर के आंगन में सो रहे महेन्द्र सिंह मंझवार पर हाथी ने अचानक हमला कर दिया। परिवार के लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही उनकी मौके पर मौत हो गई।

इससे एक दिन पहले इसी दंतैल हाथी के हमले में कटघोरा डिविजन में दो महिलाओं की जान चली गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि वही हाथी अब गांव-गांव भटक रहा है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार हाथी झुंड में रहते हैं,एक परिवार की तरह। झुंड में रहते हुए हाथी आमतौर पर इंसानों से दूरी बनाए रखते हैं, लेकिन जब वे अपने परिवार से बिछड़ जाते हैं तो भय तनाव और असुरक्षा उन्हें आक्रामक बना देती है। माना जा रहा है कि यही वजह है कि यह दंतैल हाथी आबादी वाले इलाकों में घुसकर जानलेवा साबित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाथी की गतिविधियों की जानकारी पहले ही वन विभाग को दी गई थी, इसके बावजूद न तो रात की गश्त बढ़ाई गई और न ही गांवों में कोई ठोस चेतावनी व्यवस्था की गई। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सतर्कता बरती जाती, तो शायद तीन परिवार उजड़ने से बच जाते। लगातार हो रही मौतों से ग्रामीणों में भय और गहरा दुख है। रात होते ही लोग अपने ही घरों में सहमे रहते हैं। घटना के बाद वन विभाग ने सावधानी बरतने और संवेदनशील इलाकों में गश्ती दल तैनात करने की बात कही है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि केवल अपील से डर खत्म नहीं होता। इन घटनाओं ने जिले में मानव-हाथी संघर्ष और टूटते जंगलों की सच्चाई को सामने ला दिया है। ग्रामीण प्रशासन और वन विभाग से मांग कर रहे हैं कि जल्द ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि किसी और घर में मातम न पसरे और कोई और परिवार अपनों से बिछड़ने को मजबूर न हो।

यह घटना कोरबा वनमंडल अंतर्गत बालको रेंज के पोड़ीखोहा परिसर स्थित ग्राम गौरबोरा में आज सुबह 5.45 बजे के लगभग घटित हुई, जहां लोनर हाथी के हमले में महेंद्र सिंह मंझवार पिता चमार सिंह उम्र 35 वर्ष नामक ग्रामीण युवक की मौत हो गई।



बताया जाता है कि वह अपने पिता के साथ घर की परछी में आग ताप रहा था, तभी उनकी बाड़ी की ओर से कुछ आवाज सुनाई देने पर उसके पिता बाड़ी की ओर देखने गए, तब वहां दंतैल हाथी बाड़ी में धान खा रहा था। हाथी को देखकर वह वापस भागा जिस पर हाथी दौड़ाते हुए आंगन में घुस गया और परछी में आग ताप रहे महेंद्र सिंह पर हमला बोल दिया। हाथी ने उसे सूंड से उठाकर पटकने के बाद पैरों तले दबा दिया। फलस्वरूप उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बालको रेंजर जयंत सरकार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के साथ आवश्यक कार्यवाही की। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। गांव के सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य, तहसीलदार व अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में मृतक की पत्नी अमरीका बाई को तत्कालिक सहायता राशि रुपए 25 हजार दिया गया।

### गांव में घूम-घूमकर ग्रामीणों को दी थी सूचना

वन विभाग द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे एनआर के काम में महेंद्र सिंह अन्य ग्रामीणों के साथ जंगल जाता था। आज सुबह घटना से पहले उसने गांव की बस्तियों में घूमकर अपने साथियों को क्षेत्र में दंतैल हाथी के आने की सूचना देते हुए सभी को काम पर नहीं जाने की बात कही थी। तत्पश्चात् घर लौटकर आग ताप रहा था तभी वह हाथी के हमले का शिकार हो गया, जिससे उसकी जान चली गई।

### झोराघाट के रास्ते बालको रेंज पहुंचा था लोनर

लोनर हाथी कल रात 8 बजे के लगभग चैतमा रेंज से आगे बढ़कर जेंजरा-झोराघाट, फिर जंगल के रास्ते बालको रेंज पहुंचा था। लोनर हाथी के क्षेत्र में आने की जानकारी वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को देते हुए जंगल न जाने तथा अपने घरों के भीतर सुरक्षित रहने की अपील की थी लेकिन लोनर हाथी ने घर के भीतर प्रवेश कर युवक की जान ले ली।

### राष्ट्रवाद संगोष्ठी को संबोधित करेंगे कुलश्रेष्ठ



**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक भवन में 22 दिसंबर को शाम 4 बजे राष्ट्रवाद संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय संगठन कर रहा है। जाने माने विचारक और प्रख्यात वक्ता पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ यहां पर अपने विचार रखेंगे। उनकी पहचान राष्ट्रवादी चिंतक की बनी हुई है। बिलासपुर संभाग में यह उनका पहला कार्यक्रम होगा। आशीष गोयल ने बताया कि काफी समय से इस आयोजन के लिए प्रयास किये जा रहे थे। कार्यक्रम को लेकर कोरबा जिला ही नहीं आसपास में भी काफी उत्साह है।

# आज शाम शहर में मसीही समुदाय की क्रिसमस रैली

**कोरबा।** यीशु मसीह के जन्मदिवस के उपलक्ष में मसीही समुदाय के द्वारा आज शाम कोरबा में क्रिसमस रैली निकाली जाएगी। अभी संख्या में लोगों की भागीदारी की सूचना मिली है इसलिए आज से पुलिस मौके पर उपभोक्ता व्यवस्था कर रही है।

कोरबा के विभिन्न चर्च से संबंधित लोग इस क्रिसमस रैली में शामिल होंगे। कैरोल सिंगिंग के साथ क्रिसमस सोंग्स इस रैली को खास बनाएंगे। बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से अलग-अलग चर्च के स्तर पर इसकी तैयारी की जा रही थी। कोरबा शहर में यह बड़ा आयोजन क्रिसमस से पहले किया जाना है। दूसरी को त्यौहार के लिए गिरजाघर में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। मार्केट में संबंधित सामग्री उपलब्ध हुई है जिनकी डिमांड मसीही समुदाय की ओर से की जा रही है।



### क्रिसमस के लिए एसडीएम ने ली शांति समिति की बैठक

**कोरबा।** 25 दिसंबर को मसीही समुदाय क्रिसमस फेस्टिवल मनाएगा। पोड़ी उपरोड़ा में सबडिवीजन ऑफिसर्स रेवेन्यू ने इस विषय को लेकर शांति समिति की बैठक ली। थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा, तहसीलदार सहित मसीही और अन्य समुदाय के लोग इस बैठक में शामिल हुए। प्रशासन की ओर से कहा गया कि क्रिसमस को पूरी गरिमा और अनुशासन के साथ मनाया जाए। शांति और सद्भाव की स्थिति कायम रहे, इस पर ध्यान देना चाहिए। एसडीएम ने कहा की भारत में कांस्टीट्यूशन सभी धर्म का सम्मान करने की बात कहता है इसलिए सभी से सकारात्मक अपेक्षा रखी जानी चाहिए।

### पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर से मुलाकात

**कोरबा।** महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार ने कल प्रदेश के पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर से जाकर मुलाकात की और अन्य नेताओं से मुलाकात करते हुए आशीर्वाद लिया। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सरजू अजय व जिलाध्यक्ष राजेश लहरे ने रायपुर जाकर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनत जांगड़े से मुलाकात करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. विजय राठौर आज रायपुर के लिए रवाना हुए हैं।

### लेबर कानून का होगा विरोध

**कोरबा।** एसईसीएल में चार श्रमिक संगठनों के द्वारा नए लेबर कानून का विरोध किया जा रहा है। इसी तारतम्य में एसकेएमएस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद आंदोलन किए जाएंगे। कोरबा एरिया एसकेएमएस के अध्यक्ष मनीष सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष सिंह व महामंत्री धर्मा राव ने कहा कि इकाईयों में बैठक लेकर सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर कोयला कामगारों को जागरूक करें और कानून से होने वाले घाटे की बात को बताए। इस कानून से कोयला कामगारों का भला होने वाला नहीं है। बैठक में सभी इकाई के पदाधिकारी मौजूद थे। अब दीपका में भी विनोद यादव, जीत सिंह व अजय राठौर के द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाएगी। गेवरा में भी महामंत्री दीपक उपाध्याय कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर दिशा निर्देश देंगे।

### युवा मोर्चा कार्यकर्ता हुए मायूस

**कोरबा।** युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। उन्होंने 23 जिले से अध्यक्षों के नामों की घोषणा की है और 13 जिले में अभी तक नामों की घोषणा नहीं हो पाई है। इसमें कोरबा जिला भी शामिल है। कोरबा जिलाध्यक्ष के पद के नाम की घोषणा नहीं होने पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मायूस हो गए हैं। प्रदेश कार्यसमिति में कोरबा जिले के मुकेश कौशिक, पीयूष अग्रवाल, रवि साहू, नरेंद्र पटेल को शामिल किया गया है। जिलाध्यक्ष पद के दावेदार लगातार यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि कोरबा जिलाध्यक्ष के पद पर नाम की घोषणा कब की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष श्री टिकरिहा के कोरबा आगमन पर उनका दावेदारों ने अलग-अलग स्थान पर उनका स्वागत किया था। दावेदार सुभाष राठौर, वैभव शर्मा, किशन केशरवानी, अनूप यादव, सुजीत सिंह, संजय मानिकपुरी, दिव्यांश अग्निहोत्री, साकेत शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता भी रायपुर का चक्कर कई बार लगा चुके हैं। अब वे जिलाध्यक्ष पद के लिए नाम का इंतजार कर रहे हैं।

### प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता शुरू

**कोरबा।** खदान क्षेत्र में दुर्घटना होने पर प्राथमिक उपचार वहां पर उपस्थित कामगारों के द्वारा सबसे पहले किया जाता है। इसके लिए सभी खदानों में कोयला कामगारों को प्रशिक्षण दिया जाता है। दुर्घटना होने पर घायल कामगार का किस तरह उपचार किया जाना चाहिए, इसकी प्रतियोगिता आज मानिकपुर कल्याण मंडप मैदान में आयोजित किया गया है जिसमें सभी इकाईयों के कोयला कामगार व ठेकेदार शामिल हो रहे हैं। सेफ्टी सदस्य कृष्णा तिवारी, अशोक सिंह, सुरेश श्रीवास सहित अन्य सदस्य कल्याण मंडप मैदान में पहुंच गए हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब समिति के सदस्य मिनीलाल साहू, रामलाल साहू, राजेश पिल्ले, छतराम मिरी, डी.रविंद्र सहित अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

## बड़े झाड़ की जमीन पर बन रहा बॉयो प्लांट!

**कोरबा।** जिले के पाली विकासखण्ड अंतर्गत एवं बिलासपुर जिले की सीमा से लगे ग्राम शिवपुर के अधीन खसरा नंबर 541, बड़े झाड़ की और पट्टा प्राप्त जमीन पर बड़ा घोटाला का खेल चल रहा है, जहां करोड़ो की लागत से हो रहे निजी ग्रीन चुल बायो प्लांट प्रोजेक्ट के निर्माण में 6 एकड़ जमीन का पंचायत से एनओसी लेकर करीब 15 एकड़ पर कब्जा कर अवैध खनन, साथ ही पट्टे के भूमि की भी खरीद- फरोस्त का खेल बेरोकटोक चल रहा है। करीब ढाई दशक पूर्व वन विभाग ने जिस जमीन पर पौधारोपण का कार्य कराया था। मिलीभगत के इस खेल में प्लांट को बेजा लाभ पहुँचाने राजस्व अमले ने भूमि खसरा नंबर पर एक बड़ा हेरफेर किया है, जिस घोटाला मामले को जिला प्रशासन ने अबतक संज्ञान में नही लिया है। ग्राम शिवपुर का अंतिम सीमा और बिलासपुर जिले की सीमा से लगे 541 खसरा नंबर वाले जमीन का स्थानीय कई किसानों को कृषि पट्टा प्राप्त है तथा जिस बड़े झाड़ की जमीन के कुछ हिस्से में वर्ष 2000 में वन विभाग द्वारा पौधारोपण का कार्य भी कराया गया था, जिस भूमि पर अवैध कब्जा कर और पट्टे की खरीद-फरोस्त कर ग्रीन चुल बायो प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि करोड़ो के इस प्रोजेक्ट को लाभ पहुँचाने के लिए राजस्व अमले द्वारा 541 खसरा के रकबा नंबर पर बड़ा हेरफेर करते हुए कूटरचित दस्तावेज, किसान किताब व चौहद्दी तैयार करते हुए शासकीय भूमि को निजी बता दिया है।

# एसआईआर के बाद 23 को प्रारंभिक वोटर लिस्ट, इसी दिन से दावा-आपत्ति

### जांच के बाद वोटर को नोटिस फिर होगा विलोपन

**कोरबा।** मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा चलाए गए एसआईआर यानि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आयोग ने बताया कि 23 दिसंबर को कोरबा जिले में प्रारंभिक मतदाता सूची जारी होगी और इसी दिन से दावा-आपत्ति का काम शुरू होगा जो जनवरी तक चलेगा। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया में जांच के बाद संबंधित वोटर को नोटिस जारी किए जाएंगे। इस आधार पर सूची से उनके नाम विलोपन की कार्यवाही होगी।

कोरबा जिले में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था के अंतर्गत एसआईआर का काम किया गया। 4 नवम्बर से 18 दिसम्बर 2025 तक एसआईआर के दौरान व्यापक प्रचार-प्रसार एवं बीएलओ द्वारा लगातार घर-घर संपर्क के उपरांत भी बीएलओ को जो निर्वाचक नहीं मिले या जिनके गणना प्रपत्र


फाइल फोटो

वापस नहीं मिले, इसका कारण है कि वे दूसरे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में मतदाता बन गए हों, या अस्तित्व में नहीं थे, या 18 दिसंबर तक फॉर्म जमा नहीं किया, या किसी कारणवश मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के इच्छुक नहीं है।

इसके बाद दावा-आपत्तियों के निराकरण के पश्चात निर्मित मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के लिए भारत निर्वाचन आयोग की सहमति प्राप्त की जाएगी। तत्पश्चात 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### आपत्ति पर सुनवाई का मौका भी मिलेगा

बताया गया कि 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन संबंधित मतदान केन्द्रों सहित सभी विनिर्दिष्ट स्थलों पर किया गया जाएगा। प्रारूप निर्वाचक नामावली छत्तीसगढ़ के वेबसाईट पर भी उपलब्ध रहेगी जहां से निर्वाचकों द्वारा अपने नाम की जाँच की जा सकेगी। 23 दिसंबर से 22 जनवरी तक संबंधित लोग सूची में अपना नाम न होने या किसी प्रकार की त्रुटि होने के संबंध में दावा/आपत्ति कर सकेंगे। प्रारंभिक सूची प्रकाशन और दावा-आपत्ति के निष्पादन के क्रम में निर्वाचक सूची से नाम विलोपन संबंधी प्राप्त आपत्ति के जांच उपरांत ही आवश्यकतानुसार संबंधित निर्वाचक को नोटिस जारी कर सुनवाई की तिथि के उपरांत ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्पष्ट आदेश स्पीकिंग ऑर्डर पारित कर किसी भी निर्वाचक का नाम निर्वाचक सूची से विलोपित किया जा सकेगा।

### कलेक्टर कुणाल मीडिया से करेंगे चर्चा

**कोरबा।** जिले के 19वें कलेक्टर के रूप में कुणाल दुदावत ने आज सुबह यहां कामकाज संभाल लिया। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती अजीत वसंत का स्थान लिया है, जिन्हें सरकार ने इसी पद पर सरगुजा जिले में स्थानांतरित किया है। कुणाल के आज प्रभार संभालने पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कुणाल ने विभिन्न शाखाओं का भ्रमण करने के साथ अधिकारियों और कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। वे आज शाम 5 बजे स्थानीय मीडिया से औपचारिक चर्चा करेंगे।

### भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में सारिका बनी सदस्य

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन ने नई पदाधिकारियों की घोषणा की है। प्रदेश कार्यालय से जारी सूची में भाजपा नेत्री सारिका यादव को प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से गेवरा-दीपका सहित पूरे क्षेत्र में महिला



मोर्चा के कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है। सारिका यादव की नियुक्ति पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और वरिष्ठ भाजपा नेता ज्योति नंद दुबे सहित कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई।

नमः शिवाय
प्लाट उपलब्ध
डीडीएम रोड, नमन विहार तथा बुधवारी पेट्रोल पंप के पीछे प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।
संपर्क करें
6268146606

आवश्यकता है
विजय ज्वेलर्स जांजगीर में कार्य करने हेतु लड़के तथा लड़कियों की आवश्यकता है। स्थानीय व्यक्ति एवं जानकार व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।
संपर्क करें
98261 06854
99816 31001







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com